# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## जनवरी भाग-1 2022

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. व्यपगत नीति के सिद्धांत के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक विलय नीति थी जिसका लॉर्ड डलहौजी द्वारा व्यापक रूप से पालन किया गया था।
   2. इस नीति के तहत वह रियासत जो ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष नियंत्रण में थी, जहाँ शासक के पास कानूनी रूप से पुरुष उत्तराधिकारी नहीं था, कंपनी द्वारा कब्ज़ा कर लिया जाता था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित में से किस अधिनियम द्वारा केंद्रशासित प्रदेशों की अवधारणा को भारतीय संविधान में प्रस्तुत किया गया था?

   A. संविधान (चौथा संशोधन) अधिनियम, 1955
   B. संविधान (सातवाँ संशोधन) अधिनियम, 1956
   C. संविधान (आठवाँ संशोधन) अधिनियम, 1959
   D. संविधान (ग्यारहवाँ संशोधन) अधिनियम, 1961

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. जीएसटी मुआवज़े का भुगतान केंद्र द्वारा राज्यों को प्रत्येक दो माह में मुआवजा उपकर से किया जाता है।
   2. जिन करदाताओं ने जीएसटी संरचना योजना का विकल्प चुना है, वे जीएसटी मुआवज़ा उपकर लगाने और इसे केंद्र सरकार को जमा करने के लिये उत्तरदायी नहीं हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

4. अमृत मिशन (अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह जल शक्ति मंत्रालय का मिशन है।
   2. इसका एक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर घर में पानी की सुनिश्चित आपूर्ति और सीवरेज कनेक्शन के साथ एक नल हो।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

5. "निषेध कानून द्वारा किसी चीज को मना करने की क्रिया या प्रथा; अधिक विशेष रूप से यह शब्द मादक पेय पदार्थों के निर्माण, भंडारण (चाहे बैरल में या बोतलों में), परिवहन, बिक्री, कब्जे और उपभोग पर प्रतिबंध लगाने के लिये संदर्भित करता है। यह विवरण सर्वाधिक उपयुक्त रूप से राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) में से किससे संबंधित है?

   A. अनुच्छेद 46
   B. अनुच्छेद 47
   C. अनुच्छेद 48
   D. अनुच्छेद 49

नोट :

6. ब्रह्मपुत्र नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे चीन में यारलुंग सांगपो के नाम से जाना जाता है।
2. यह बूढ़ी दिहिंग के नाम से कैलाश श्रेणी से निकलती है।
3. सादिया अरुणाचल प्रदेश का एक शहर है जहाँ से यह नदी भारत में प्रवेश करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

7. निम्नलिखित में से कौन अर्द्धचालक की विशेषता है/हैं?

1. आयनिक बंधन के कारण इसका निर्माण होता है
2. धनात्मक ताप नियतांक
3. सबसे बाहरी कक्षा में केवल चार संयोजी इलेक्ट्रॉन होते हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

8. जल जीवन मिशन (JJM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य 2030 तक सभी ग्रामीण घरों में नल के पानी की सुनिश्चित आपूर्ति सुनिश्चित करना है।
2. केंद्र और राज्यों के बीच फंड शेयरिंग पैटर्न हिमालयी और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिये 90:10 है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

9. 'राष्ट्रीय वायु खेल नीति' (NASP) के मसौदे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस नीति में 'एयर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (ASFI) नामक एक शीर्ष शासी निकाय की स्थापना का प्रस्ताव है।
2. 'ASFI' नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

10. 'परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के खिलाफ हमलों के निषेध पर समझौते' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और चीन के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।
2. इस समझौते के अनुसार दो देशों को एक दूसरे की परमाणु सुविधाओं के बारे में सूचित करना होता है।
3. इस समझौते के तहत केवल परमाणु ऊर्जा और अनुसंधान रिएक्टर प्रतिष्ठान शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1,2 और 3

नोट :

11. भारत-इजरायल संबंधों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत एशिया में इज़रायल का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार और विश्व स्तर पर सातवाँ सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है।
2. कोविड-19 प्रतिक्रिया पर भारतीय अधिकारियों के साथ काम करने के लिये इज़रायल द्वारा ऑपरेशन ब्रीदिंग स्पेस का संचालन किया गया था।
3. भारतीय सशस्त्र बलों ने इज़राइल से फाल्कन AWACS (हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली) को अपनी हथियार प्रणाली में शामिल किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

12. परमाणु निरस्त्रीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत ने न तो परमाणु अप्रसार संधि (NPT) और न ही व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (CTBT) पर हस्ताक्षर किये हैं।
2. हाल ही में, G7 देशों ने, NPT (1970) की समीक्षा से पहले, परमाणु हथियारों के विस्तार को रोकने और परमाणु संघर्ष से बचने का संकल्प लिया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

13. ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक सॉफ्टवेयर है जिसे इसके सोर्स कोड के साथ वितरित किया जाता है।
2. यह किसी को भी अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सर्वोत्तम रूप से सॉफ्टवेयर को संशोधित करने की अनुमति देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

14. कोन्याक के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कोन्याक सबसे बड़ी जनजाति हैं, इसके बाद नगालैंड में एओ, तंगखुल, सेमा और अंगामी हैं।
2. एओलिंगमोन्यु उनके महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है जो अप्रैल के पहले सप्ताह में मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

15. रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. DRDO विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय का R&D (अनुसंधान और विकास) विंग है।
2. इसका गठन वर्ष 1958 में भारतीय सेना के तकनीकी विकास प्रतिष्ठान (TDE) और रक्षा विज्ञान संगठन (DSO) के साथ तकनीकी विकास एवं उत्पादन निदेशालय (DTDP) के संयोजन से हुआ था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

16. 'सवाना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सवाना भूमध्य रेखा से 40° से 60° अक्षांशों में पाई जाती है।
2. सवाना में उगने वाली घास और पेड़ कम जल तथा गर्म तापमान के साथ जीवन के अनुकूल हो गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 148 भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) के एक स्वतंत्र कार्यालय का प्रावधान करता है।
2. CAG केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर देश की संपूर्ण वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करता है।
3. CAG भारत के राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपना पद धारण नहीं करता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

18. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन हाल ही में चर्चा में रहे एक्वामेशन का सबसे उपयुक्त वर्णन करता है?

A. ज्वलनशील दाह संस्कार
B. केवल पानी के उपयोग से पौधे उगाना
C. खेतों में बढ़ता मत्स्य पालन
D. आकाशीय पिंडों से पानी निकालना।

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उत्परिवर्तन वायरस की आनुवंशिक सामग्री में होने वाला एकल परिवर्तन है।
2. वेरिएंट वायरस का पूरा क्रम है, जिसमें एक या अधिक उत्परिवर्तन हो सकते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

20. जैव ऊर्जा फसलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. जैव ऊर्जा फसलें उन क्षेत्रों पर शीतलन प्रभाव उत्पन्न कर सकती हैं जहाँ उनकी खेती की जाती है।
   2. गेहूं, मक्का, मुख्य खाद्य तिलहन/खाद्य तेल, गन्ना, और अन्य फसलें कुछ जैव ऊर्जा फसलें हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

21. 103वें संविधान (संशोधन) अधिनियम, 2019 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसने 10% ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग) आरक्षण पेश किया।
   2. इसने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15 और अनुच्छेद 16 में संशोधन किया।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. प्रधानमंत्री फॉर्मलाइज़ेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज' (PMFME) एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
   2. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और NAFED ने PMFME योजना के तहत एक ज़िला एक उत्पाद (ODOP) ब्रांड लॉन्च किये हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

23. ओडिशा के जगन्नाथ मंदिर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसका निर्माण राजा अनंतवर्मन चोडगंग देव द्वारा किया गया था।
   2. इसे ब्लैक पैगोडा के नाम से भी जाना जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

24. ओमिस्योर किट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा अनुमोदित भारत में निर्मित RT-PCR किट है।
   2. यह किट 'S-जीन टारगेट फेलर' (एसजीटीएफ) रणनीति का उपयोग करती है और जीनोम अनुक्रमण से जुड़े चरणों को समाप्त करती है।

   उपर्युक कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारतीय संघ की राजभाषा ब्राह्मी लिपि में हिन्दी होगी।
   2. संविधान अंग्रेज़ी को सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों की प्राथमिक भाषा के रूप में मान्यता देता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

26. चीता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. चीता एकमात्र बड़ा माँसाहारी जानवर है, जो कि अति-शिकार के कारण भारत में विलुप्त हो गया है।
   2. अफ्रीकी चीता आकार में एशियाई चीता से बड़ा होता है।
   3. अफ्रीकी और एशियाई चीता दोनों को IUCN रेड लिस्ट में संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

27. उजाला (Unnat Jyoti by Affordable LEDs for All) कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह दुनिया का सबसे बड़ा जीरो सब्सिडी घरेलू प्रकाश कार्यक्रम है।
   2. नेशनल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इस कार्यक्रम के लिये कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

28. यौन उत्पीड़न से महिलाओं की सुरक्षा (POSH) अधिनियम, 2013 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य 1997 मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए विशाखा दिशा निर्देशों पर आधारित है।
   2. इस अधिनियम के अनुसार प्रत्येक नियोक्ता को प्रत्येक कार्यालय या शाखा में 10 या अधिक कर्मचारियों के साथ एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना आवश्यक है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

29. सी ड्रैगन 22 अभ्यास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसे पनडुब्बी रोधी युद्ध रणनीति का अभ्यास और चर्चा करने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
   2. यह भारत और अमेरिका के बीच एक द्विपक्षीय वार्षिक अभ्यास है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

दृष्टि The Vision

30. चुनाव प्रचार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक उम्मीदवार को चुनाव प्रचार के लिये निर्धारित सीमा से अधिक खर्च करने हेतु अयोग्य घोषित किया जा सकता है।
2. चुनाव प्रचार के लिये किसी राजनीतिक दल के खर्च की कोई सीमा नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

31. 'सल्फर डाइऑक्साइड प्रदूषण' ($SO_2$) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वातावरण में सल्फर डाइऑक्साइड का सबसे बड़ा स्रोत विद्युत संयंत्रों और अन्य औद्योगिक गतिविधियों में जीवाश्म ईंधन का दहन है।
2. सल्फर डाइऑक्साइड प्रदूषण का कोई प्राकृतिक स्रोत नहीं हैं।
3. सल्फर डाइऑक्साइड के अल्पकालिक जोखिम मानव श्वसन प्रणाली को नुकसान पहुँचा सकते हैं और साँस लेने में कठिनाई उत्पन्न कर सकते हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1,2 और 3

32. 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्द्धन' (PRASHAD) पर राष्ट्रीय मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे संस्कृति मंत्रालय द्वारा चिह्नित तीर्थ स्थलों के समग्र विकास के उद्देश्य से लॉन्च किया गया है।
2. इसका उद्देश्य स्थानीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प आदि को बढ़ावा देना है, ताकि चिह्नित स्थानों पर आजीविका का सृजन किया जा सके।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

33. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

यह प्रावधान पूरे देश के लिये एक समान कानून प्रदान करेगा, जो सभी धार्मिक समुदायों पर उनके व्यक्तिगत मामलों जैसे विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने आदि में लागू होगा।

उपरोक्त विवरण निम्नलिखित में से किस 'राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत' से संबंधित है?

A. अनुच्छेद 44
B. अनुच्छेद 45
C. अनुच्छेद 46
D. अनुच्छेद 47

34. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?

A. एज़्टेक सभ्यता- मेक्सिको
B. माया सभ्यता- ब्राज़ील
C. फारसी सभ्यता- ईरान
D. इंकान सभ्यता- इक्वाडोर

नोट :

35. निम्नलिखित में से किस देश की सीमा कैस्पियन सागर से नहीं लगती है?

A. तुर्कमेनिस्तान
B. कज़ाखस्तान
C. आर्मेनिया
D. ईरान

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) मांग पक्ष से अर्थव्यवस्था की स्थिति को दर्शाता है।
2. सकल मूल्य वर्द्धित (GVA) आपूर्ति पक्ष से अर्थव्यवस्था की स्थिति को दर्शाता है।

उपर्युक कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. 'मीठी क्रांति' निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस पहल का उद्देश्य भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में गन्ना उत्पादन को बढ़ावा देना है।
2. यह कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की एक पहल है।

उपर्युक कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

38. आल्प्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उत्तरी अफ्रीका के एटलस पर्वत से लेकर हिमालय से आगे तक फैला हुआ है।
2. आल्प्स मध्य और भूमध्यसागरीय यूरोप के बीच एक इंटरज़ोनल पर्वत प्रणाली है।
3. आल्प्स में मोंट ब्लांक पश्चिमी गोलार्द्ध की सबसे ऊँची चोटी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. केवल 2 और 3

39. घड़ियाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत में केवल चंबल नदी में पाए जाते हैं।
2. घड़ियाल की आबादी स्वच्छ नदी जल का एक अच्छा संकेतक है।
3. इन्हें IUCN द्वारा गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1,2 और 3

नोट :

40. सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सोवियत के बाद के राज्यों का एक अंतर-सरकारी सैन्य गठबंधन है।
2. इसे ताशकंद समझौता कहा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) पिछले वर्ष के वर्तमान अमेरिकी डॉलर में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) के आधार पर अपने सदस्यों को विकासशील और विकसित देश का दर्ज़ा देता है।
2. विकासशील देशों को वरीयता की सामान्यीकृत प्रणाली (GSP) योजना से स्वत: लाभ मिलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

42. हाल ही में खबरों में रहा 'गेटवे टू हेल' निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?

A. अजरबैजान
B. इराक
C. किर्गिज़स्तान
D. तुर्कमेनिस्तान

43. भारत सरकार की निम्नलिखित में से कौन-सी पहल प्रवासी भारतीयों से संबंधित नहीं है?

A. प्रवासी कौशल विकास योजना
B. वज्र
C. स्ट्राइव
D. भारत को जानो कार्यक्रम

44. दस सिख गुरुओं में से एक गुरु गोबिंद सिंह के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वे सिखों के तीसरे गुरु थे।
2. उन्होंने खालसा के सिद्धांतों की स्थापना की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

45. 'विमान वाहक' के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिएये

| | भारत के विमान वाहक | उद्गम देश |
|---|---|---|
| 1. | आईएनएस विराट | यूनाइटेड किंगडम |
| 2. | आईएनएस विक्रमादित्य | रूस |
| 3. | आईएनएस विक्रांत | अमेरिका |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1,2 और 3

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में गवाहों को अदालतों में स्वतंत्र रूप से गवाही देने का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मौलिक अधिकार है।
2. मलीमथ समिति की रिपोर्ट गवाह संरक्षण योजना की सिफारिश से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

47. 'कृषि पर समझौता' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य व्यापार बाधाओं को दूर करना और पारदर्शी बाज़ार पहुँच तथा वैश्विक बाज़ारों के एकीकरण को बढ़ावा देना है।
2. पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्रीय विकास कार्यक्रमों के लिये ग्रीन बॉक्स सब्सिडी में शामिल है।
3. कीमतों का समर्थन करने के उपाय या कृषि उत्पादों की मात्रा के आधार पर प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता को एम्बर बॉक्स सब्सिडी में शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

48. अफ्रीकन स्वाइन फीवर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक अत्यधिक संक्रामक और घातक पशु रोग है और इसके संक्रमण से सूअर एक प्रकार के तीव्र रक्तस्रावी बुखार से पीड़ित होते हैं।
2. वर्ष 2021 में यह पहली बार अफ्रीका में देखा गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

49. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा प्राचीन हिंदी का प्रारंभिक रूप थी?

A. प्राकृत

B. उर्दू

C. संस्कृत

D. अपभ्रंश

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण' श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है।

2. 'त्रैमासिक रोज़गार सर्वेक्षण' सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय युवा दिवस हर वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है।

2. स्वामी विवेकानंद ने पश्चिमी विश्व को वेदांत और योग के भारतीय दर्शन से परिचित कराया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. दोनों 1 और 2

D. न तो 1 और न ही 2

52. निम्नलिखित में से कौन वैश्विक जोखिम रिपोर्ट जारी करता है?

A. विश्व स्वास्थ्य संगठन

B. विश्व आर्थिक मंच।

C. विश्व व्यापार संगठन

D. रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसायटी के अंतर्राष्ट्रीय संघ

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'हेनले पासपोर्ट इंडेक्स' कई देशों के पासपोर्ट को उन गंतव्यों की संख्या के अनुसार रैंक करता है, जहाँ उनके धारक बिना पूर्व वीज़ा के पहुँच सकते हैं।

2. 'हेनले पासपोर्ट इंडेक्स-2022' में भारत की रैंकिंग में गिरावट आई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. दोनों 1 और 2

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

54. मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (MTCR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसकी स्थापना G-7 देशों द्वारा की गई थी।
   2. MTCR के सदस्यों को गैर-सदस्यों को MTCR द्वारा नियंत्रित यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) सिस्टम की आपूर्ति करने से प्रतिबंधित किया गया है।
   3. वर्ष 1983 में योकोहामा में एक संधि पर हस्ताक्षर करके MTCR की शुरुआत की गई थी।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. केवल 1 और 3

55. 38वीं समानांतर रेखा किन दो देशों के बीच विभाजक रेखा है ?

   A. अमेरिका और कनाडा
   B. आर्मेनिया और अज़रबैजान
   C. उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया
   D. तुर्की और सीरिया

56. 'भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2021' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. टाइगर रिज़र्व को वन क्षेत्र में पहली बार 2021 में जोड़ा गया है।
   2. क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्य प्रदेश में देश का सर्वाधिक वन क्षेत्र है।
   3. पन्ना टाइगर रिज़र्व में भारत का सबसे अधिक वन क्षेत्र है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   A. केवल 1
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

57. निम्नलिखित में से किस मिशन के प्रक्षेपण को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की उपलब्धि के रूप में गिना जा सकता है ?
   1. रोहिणी
   2. अमेज़ोनिया -1
   3. यूनिटीसैट

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1 और 3
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 3
   D. 1, 2 और 3

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. 'प्रौद्योगिकी हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक गठबंधन' (NEAT 3.0) सरकार और भारत की शिक्षा प्रौद्योगिकी (एडटेक) कंपनियों के बीच एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर आधारित है।
   2. NEAT 3.0 पहल के तहत सरकार एड-टेक कंपनियों द्वारा पेश किये जाने वाले पाठ्यक्रमों की एक शृंखला हेतु मुफ्त कूपन वितरित करने की योजना बना रही है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. दोनों 1 और 2
   D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कत्थक मुख्य रूप से एक मंदिर या गाँव का प्रदर्शन था जिसमें नर्तक कहानियाँ सुनाते थे
2. कत्थक का विकास भक्ति आंदोलन के प्रसार के साथ शुरू हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

60. 'उत्तर अटलांटिक संधि संगठन' (नाटो) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना वाशिंगटन संधि द्वारा की गई थी।
2. यह सामूहिक सुरक्षा के सिद्धांत पर आधारित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पैंगोंग त्सो झील, विश्व की सबसे ऊँचाई पर स्थित खारे पानी की झील है।
2. पैंगोंग त्सो झील का बड़ा हिस्सा चीन की तुलना में भारत में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गलवान घाटी पश्चिम में लद्दाख और पूर्व में अक्साई चिन के बीच स्थित है।
2. लद्दाख का पठार काराकोरम श्रेणी के उत्तर-पूर्व में स्थित है।
3. काराकोरम श्रेणी पाकिस्तान और चीन के साथ भारत की सीमा का निर्माण करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

63. 5G के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 5G नेटवर्क एमएम-वेव स्पेक्ट्रम में काम करेगा।
2. एमएम-वेव स्पेक्ट्रम के उपयोग के परिणामस्वरूप आउट-ऑफ-बैंड उत्सर्जन हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

64. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नारी शक्ति पुरस्कार वर्ष 1999 में शुरू किया गया था और यह भारत में महिलाओं के लिये सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।
2. यह पुरस्कार केवल महिलाओं को दिया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जब उल्कापिंड पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं तो उन्हें क्षुद्रग्रह कहा जाता है।
2. जब कोई क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है और जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

---

## व्याख्या भाग-1

1. उत्तर: C

व्याख्या:

व्यपगत का सिद्धांत (Doctrine of Lapse):

- यह वर्ष 1848 से 1856 तक भारत के गवर्नर-जनरल के रूप में लॉर्ड डलहौजी द्वारा व्यापक रूप से पालन की जाने वाली एक विलय नीति थी। अत: कथन 1 सही है।
- इसके अनुसार कोई भी रियासत जो ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष नियंत्रण में थी, जहाँ शासक के पास कानूनी पुरुष उत्तराधिकारी नहीं था, कंपनी द्वारा कब्ज़ा कर लिया जाता था।
  - इस प्रकार भारतीय शासक के किसी भी दत्तक पुत्र को राज्य का उत्तराधिकारी घोषित नहीं किया जाता था। अत: कथन 2 सही है।
- व्यपगत का सिद्धांत लागू करते हुए डलहौजी द्वारा निम्नलिखित राज्यों पर कब्ज़ा किया गया:
  - सतारा (1848 ई.),
  - जैतपुर, और संबलपुर (1849 ई.),
  - बघाट (1850 ई.),
  - उदयपुर (1852 ई.),
  - झाँसी (1853 ई.) और
  - नागपुर (1854 ई.)

2.उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 1949 में जब भारत के संविधान को अपनाया गया था, तब भारतीय संघीय ढाँचे में शामिल थे:
  - भाग A राज्यों में ब्रिटिश भारत के नौ तत्कालीन गवर्नर प्रांत शामिल थे।

- भाग B राज्यों में विधायिकाओं के साथ नौ पूर्ववर्ती रियासतें शामिल थीं।
- भाग C राज्यों में तत्कालीन मुख्य आयुक्त के अंतर्गत ब्रिटिश भारत प्रांत और कुछ पूर्ववर्ती रियासतें शामिल थीं।
- भाग D राज्य में केवल अंडमान और निकोबार द्वीप समूह शामिल थे।

- वर्ष 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम के बाद, भाग सी और भाग डी राज्यों को 'केंद्रशासित प्रदेश' की एक श्रेणी में मिला दिया गया। संघ शासित प्रदेश की अवधारणा को संविधान के सातवें संशोधन अधिनियम, 1956 द्वारा जोड़ा गया था।
- UT उन संघीय क्षेत्रों को संदर्भित करता है जो स्वतंत्र होने के लिये बहुत छोटे हैं या आसपास के राज्यों के साथ विलय करने हेतु बहुत अलग (आर्थिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक रूप से) हैं या आर्थिक रूप से कमज़ोर हैं या राजनीतिक रूप से अस्थिर हैं।
  - इन कारणों से वे अलग-अलग प्रशासनिक इकाइयों के रूप में नहीं रह सके और उन्हें केंद्र सरकार द्वारा प्रशासित करने की आवश्यकता थी।
- केंद्रशासित प्रदेशों का प्रशासन राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है। संघशासित प्रदेशों में लेफ्टिनेंट गवर्नरों को भारत के राष्ट्रपति द्वारा उनके प्रशासकों के रूप में नियुक्त किया जाता है।
  - हालाँकि पुदुचेरी, जम्मू और कश्मीर और दिल्ली इस संबंध में अपवाद हैं तथा आंशिक राज्य की स्थिति के कारण एक निर्वाचित विधायिका और सरकार है।
- वर्तमान में भारत में 8 केंद्रशासित प्रदेश हैं- दिल्ली, अंडमान और निकोबार, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली तथा दमन एवं दीव, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, लक्षद्वीप व पुदुचेरी। अत: विकल्प B सही है।

3. उत्तर: A

व्याख्या:

- जीएसटी कराधान: 101वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2016 के लागू होने के बाद 1 जुलाई 2017 से जीएसटी लागू हो गया।
  - जीएसटी के साथ बड़ी संख्या में केंद्रीय और राज्य के अप्रत्यक्ष करों का एक ही कर में विलय हो गया।
- क्षतिपूर्ति उपकर:

  राज्यों को वर्ष 2022 में समाप्त होने वाले पहले पाँच वर्षों के लिये 14% की वृद्धि (आधार वर्ष 2015-16) से नीचे किसी भी राजस्व कमी के लिये क्षतिपूर्ति की गारंटी दी जाती है।
    - जीएसटी क्षतिपूर्ति का भुगतान केंद्र द्वारा राज्यों को हर दो महीने में मुआवजा उपकर से किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
    - क्षतिपूर्ति उपकर जीएसटी (राज्यों को मुआवजा) अधिनियम, 2017 द्वारा निर्दिष्ट किया गया था।
- सभी करदाता, जो विशिष्ट अधिसूचित वस्तुओं का निर्यात करते हैं और जिन्होंने जीएसटी संरचना योजना का विकल्प चुना है, केंद्र सरकार को जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर जमा करने के लिये उत्तरदायी हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- क्षतिपूर्ति उपकर कोष: जीएसटी अधिनियम में कहा गया है कि एकत्र किये गए उपकर और जीएसटी परिषद द्वारा अनुशंसित राशि को फंड में जमा किया जाएगा।

4. उत्तर: B

व्याख्या:

अमृत मिशन (अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन)

- इसे जून 2015 में लॉन्च किया गया था
- यह आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय का मिशन है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- उद्देश्य:
  - यह सुनिश्चित करना कि हर घर में पानी की सुनिश्चित आपूर्ति और सीवरेज कनेक्शन के साथ एक नल है। अत: कथन 2 सही है।
  - मिशन का प्राथमिकता क्षेत्र जल आपूर्ति और उसके बाद सीवरेज है।
  - हरियाली और अच्छी तरह से खुले स्थान (जैसे पार्क) विकसित करके शहरों की सुविधाओं में वृद्धि करना।

- सार्वजनिक परिवहन पर स्विच करके या गैर-मोटर चालित परिवहन (जैसे पैदल और साइकिल चलाना) के लिये सुविधाओं का निर्माण करके प्रदूषण को कम करना।

5.उत्तर: B

व्याख्या:

- अनुच्छेद 47: भारत के संविधान में निर्देशक सिद्धांतों में कहा गया है कि "राज्य मादक पेय और स्वास्थ्य के लिये हानिकारक दवाओं के औषधीय प्रयोजनों को छोड़कर इनके उपभोग पर प्रतिबंध लगाने के लिये नियम बनाएगा"। अत: विकल्प B सही है।

6. उत्तर: B

व्याख्या:

- ब्रह्मपुत्र नदी मानसरोवर झील के पास कैलाश श्रेणी के चेमायुंगडुंग ग्लेशियर से सियांग या दिहांग के नाम से निकलती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - यह अरुणाचल प्रदेश के सादिया शहर के पश्चिम से भारत में प्रवेश करती है। अत: कथन 3 सही है।
- इस नदी को चीन में यारलुंग सांगपो के नाम से जाना जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसकी सहायक नदियों में दिबांग, लोहित, सियांग, बूढ़ी दिहिंग, तिस्ता और धनसारी शामिल हैं।
- यह एक बारहमासी नदी है और इसकी भूगोलिक और प्रचलित जलवायु परिस्थितियों के कारण इसमें कई विशिष्ट विशेषताएँ हैं।
  - नदी अपने आप में गतिशील है क्योंकि बार-बार होने वाले भूस्खलन और भूवैज्ञानिक गतिविधियों के कारण यह बहुत बार अपना मार्ग बदलती हैं। अत: विकल्प B सही है।

7. उत्तर: C

व्याख्या:

- अर्द्धचालक एक ऐसी सामग्री है जिसमें सुचालक (आमतौर पर धातु) और कुचालक या ऊष्मारोधी (जैसे- अधिकांश सिरेमिक) के बीच चालन की क्षमता होती है।
  - अर्द्धचालक शुद्ध तत्त्व हो सकते हैं, जैसे- सिलिकॉन या जर्मेनियम, या यौगिक जैसे गैलियम आर्सेनाइड या कैडमियम सेलेनाइड।
  - सेमीकंडक्टर चिप एक विद्युत परिपथ है, जिसमें कई घटक होते हैं जैसे कि- ट्रांज़िस्टर और अर्द्धचालक वेफर पर बनने वाली वायरिंग। इन घटकों में से कई से युक्त एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को एकीकृत सर्किट (IC) कहा जाता है और इसे कंप्यूटर, स्मार्टफोन, उपकरण, गेमिंग हार्डवेयर और चिकित्सा उपकरण जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में पाया जा सकता है।
- उनकी सबसे बाहरी कक्षा में चार संयोजी इलेक्ट्रॉन होते हैं और सहसंयोजी बंध के कारण बनते हैं।
  - उनकी सबसे बाहरी कक्षा में चार संयोजी इलेक्ट्रॉन होते हैं जो सहसंयोजक बंध के कारण होते हैं।
- अर्द्धचालक में संयोजकता और चालन बैंड 1.1eV के निषिद्ध ऊर्जा अंतराल द्वारा अलग किये जाते हैं।
- अर्द्धचालकों में प्रतिरोध अधिक होता है जबकि कंडक्टरों में यह बहुत छोटा और कुचालक में बहुत अधिक होता है।
  - अर्द्धचालकों में ऋणात्मक ताप नियतांक होते हैं। अत: विकल्प C सही है।

8. उत्तर: B

व्याख्या:

- वर्ष 2019 में लॉन्च किया गया यह मिशन वर्ष 2024 तक 'कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन' (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की परिकल्पना करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - जल जीवन मिशन का उद्देश्य जल को आंदोलन के रूप में विकसित करना है, ताकि इसे लोगों की प्राथमिकता बनाया जा सके।
  - यह मिशन 'जल शक्ति मंत्रालय' के अंतर्गत आता है।
- यह मिशन मौजूदा जल आपूर्ति प्रणालियों और पानी के कनेक्शन की कार्यक्षमता सुनिश्चित करता है; पानी की गुणवत्ता की निगरानी एवं परीक्षण के साथ-साथ सतत् कृषि को भी बढ़ावा देता है।
  - यह संरक्षित जल के संयुक्त उपयोग; पेयजल स्रोत में वृद्धि, पेयजल आपूर्ति प्रणाली, धूसर जल उपचार और इसके पुन: उपयोग को भी सुनिश्चित करता है।

- विशेषताएँ:
  - जल जीवन मिशन (JJM) स्थानीय स्तर पर पानी की मांग और आपूर्ति पक्ष के एकीकृत प्रबंधन पर केंद्रित है।
  - वर्षा जल संचयन, भू-जल पुनर्भरण और पुन: उपयोग के लिये घरेलू अपशिष्ट जल के प्रबंधन जैसे अनिवार्य उपायों हेतु स्थानीय बुनियादी ढाँचे का निर्माण विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों/योजनाओं के साथ अभिसरण में किया जाता है।
  - यह मिशन जल के सामुदायिक दृष्टिकोण पर आधारित है तथा मिशन के प्रमुख घटक के रूप में व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार शामिल हैं।
- फंडिंग पैटर्न:
  - केंद्र और राज्यों के बीच फंड शेयरिंग पैटर्न हिमालय तथा उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिये 90:10, अन्य राज्यों के लिये 50:50 और केंद्रशासित प्रदेशों के लिये 100% है। अत: कथन 2 सही है।

9. उत्तर: C

व्याख्या:

- नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक राष्ट्रीय वायु खेल नीति मसौदा (NASP) जारी किया है, जिसके तहत संबंधित सेवाओं और उनके उपकरणों को प्रदान करने वाली संस्थाओं को पंजीकृत करने की आवश्यकता होगी और ऐसा नहीं होने पर दंड का भी प्रावधान किया गया है।
- नीति में देश में हवाई खेलों के लिये दो स्तरीय शासन संरचना का प्रस्ताव दिया गया है, जिसमें 'एयर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (ASFI) नामक एक शीर्ष शासी निकाय और प्रत्येक हवाई खेल के लिये विशिष्ट संघ शामिल होंगे। अत: कथन 1 सही है।
  - 'एयर स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय होगा और लॉज़ेन स्थित (स्विट्ज़रलैंड) 'फेडरेशन एरोनॉटिक इंटरनेशनल (FAI) तथा हवाई खेलों से संबंधित अन्य वैश्विक प्लेटफार्मों में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। अत: कथन 2 सही है।
    - यह हवाई खेलों के विभिन्न पहलुओं का विनियमन करेगा, जिसमें प्रमाणन, प्रतियोगिताएँ आयोजित करना, पुरस्कार और दंड आदि शामिल हैं।
  - प्रत्येक हवाई खेल संघ उपकरण, बुनियादी अवसंरचना, कर्मियों और प्रशिक्षण हेतु अपने सुरक्षा मानकों का निर्धारण करेगा तथा गैर-अनुपालन के मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई को निर्दिष्ट करेगा। ऐसा करने में असमर्थ होने पर ASFI द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।
  - यह प्रस्तावित है कि देश में लोकप्रिय हवाई खेल क्षेत्रों जैसे हिमाचल प्रदेश में बीर बिलिंग, सिक्किम में गंगटोक, महाराष्ट्र में हडपसर और केरल में वागामोन को लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु हवाई खेलों के लिये एक 'नियंत्रण क्षेत्र' घोषित किया जा सकता है।

10. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में भारत और पाकिस्तान ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया है। यह आदान-प्रदान पाकिस्तान और भारत के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों तथा सुविधाओं के खिलाफ हमलों के निषेध पर समझौते के अनुच्छेद- II के अनुसार था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस समझौते के तहत दोनों देशों को एक दूसरे की परमाणु सुविधाओं की जानकारी देनी होती है। अत: कथन 2 सही है।
  - समझौते पर वर्ष 1988 में हस्ताक्षर किये गए और वर्ष 1991 में इसकी पुष्टि की गई।
  - यह दोनों पड़ोसी देशों के बीच सूची का लगातार 31वाँ आदान-प्रदान था।
- परमाणु ऊर्जा और अनुसंधान रिएक्टर, ईंधन निर्माण, यूरेनियम संवर्द्धन, आइसोटोप पृथक्करण तथा पुनर्संसाधन सुविधाओं के साथ-साथ किसी भी रूप में विकिरणित परमाणु ईंधन एवं सामग्री के साथ कोई अन्य प्रतिष्ठान व महत्त्वपूर्ण मात्रा में रेडियोधर्मी सामग्री का भंडारण करने वाले प्रतिष्ठान आदि सभी को "परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं" के तहत शामिल किया गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

11. उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत एशिया में इज़रायल का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है और विश्व स्तर पर सातवाँ सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। अत: कथन 1 सही है।
    - दोनों देशों के बीच वर्तमान व्यापार 4.14 बिलियन अमेरिकी डॉलर (अप्रैल 2020 - फरवरी 2021 तक) का है, यह एक ऐसा आँकड़ा है जिसमें रक्षा व्यापार, जो कि बहुत तेज़ी से बढ़ रहा है, को शामिल नहीं किया गया है।
    - इज़रायल की कंपनियों ने भारत में ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार, रियल एस्टेट, जल प्रौद्योगिकियों में निवेश किया है और भारत में अनुसंधान एवं विकास केंद्र या उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।
    - इज़रायल-भारत औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और तकनीकी नवाचार कोष (I4F) से पहले अनुदान प्राप्तकर्त्ता की घोषणा जुलाई 2018 में की गई थी, जिसमें कुशल जल उपयोग, संचार बुनियादी ढाँचे में सुधार, सौर ऊर्जा उपयोग के माध्यम से भारतीयों और इज़रायलियों के जीवन को बेहतर बनाने हेतु काम करने वाली कंपनियों को शामिल किया गया है।
        - इस फंड का उद्देश्य इज़रायली उद्यमियों को भारतीय बाज़ार में प्रवेश कराने में मदद करना है
- इज़रायल लगभग दो दशकों से भारत के शीर्ष चार हथियार आपूर्तिकर्त्ताओं में से एक है, हर वर्ष लगभग 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सैन्य बिक्री होती है।
    - भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले कुछ वर्षों में इज़रायली हथियार प्रणालियों की एक विस्तृत शृंखला को शामिल किया है, इसमें फाल्कन AWACS (हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली) तथा हेरॉन, सर्चर-द्वितीय तथा हारोप ड्रोन से लेकर बराक एंटी मिसाइल रक्षा प्रणालियों और स्पाइडर विमान भेदी मिसाइल प्रणाली शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - भारत और इज़रायल के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर संयुक्त कार्य समूह (JWG) की 15वीं बैठक में, दोनों देश सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करने के लिये एक व्यापक दस-वर्षीय रोडमैप तैयार करने हेतु एक टास्क फोर्स बनाने पर सहमत हुए हैं।
- वर्ष 2020 में एक इज़रायली टीम बहु-आयामी मिशन के साथ भारत पहुँची, जिसका कोड नेम 'ऑपरेशन ब्रीदिंग स्पेस' था, इसे कोविड-19 प्रतिक्रिया पर भारतीय अधिकारियों के साथ काम करने हेतु बनाया गया था। अत: कथन 3 सही है।

12. उत्तर: A

व्याख्या

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्यों (चीन, फ्राँस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका) ने परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने एवं परमाणु संघर्ष से बचने का संकल्प लिया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - यह बयान ऐसे समय में आया है जब रूस और अमेरिका के बीच तनाव उस स्तर पर पहुँच गया है जो शीत युद्ध के बाद से शायद ही कभी देखा गया हो।
- NPT एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसका उद्देश्य परमाणु हथियारों और हथियार प्रौद्योगिकी के प्रसार को रोकना, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना तथा निरस्त्रीकरण के लक्ष्य को आगे बढ़ाना है।
- इस संधि पर वर्ष 1968 में हस्ताक्षर किये गए और यह 1970 में लागू हुई। वर्तमान में यह 190 सदस्य देशों में लागू है।
    - परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में एनपीटी और व्यापक परमाणु-परीक्षण-प्रतिबंध संधि (CTBT) दो सबसे महत्त्वपूर्ण वैश्विक प्रयास हैं। भारत ने NPT और CTBT पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। अत: 1 सही है।

13. उत्तर: C

व्याख्या:

- ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर: ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (ओएसएस) वह सॉफ्टवेयर है अपने सोर्स कोड के साथ वितरित किया जाता है, जो इसे अपने मूल अधिकारों के साथ उपयोग, संशोधन और वितरण के लिये उपलब्ध कराता है। अत: कथन 1 सही है।
    - सोर्स कोड सॉफ्टवेयर का वह हिस्सा है जिसे अधिकांश कंप्यूटर उपयोगकर्त्ता कभी नहीं देखते हैं।

- इस कोड का प्रयोग कंप्यूटर प्रोग्रामर प्रोग्राम या एप्लीकेशन के व्यवहार को नियंत्रित करने हेतु हेरफेर के लिये किया है।
  - ओएसएस में आमतौर पर एक लाइसेंस शामिल होता है जो प्रोग्रामर को उसकी आवश्यकताओं के अनुसार सबसे सुलभ तरीके से सॉफ्टवेयर को संशोधित करने की अनुमति देता है और यह नियंत्रित करता है कि सॉफ्टवेयर कैसे वितरित किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- सोर्स कोड को स्वतंत्र रूप से उपलब्ध कराने का विचार वर्ष 1983 में MIT के एक प्रोग्रामर रिचर्ड स्टॉलमैन द्वारा अनौपचारिक रूप से स्थापित एक वैचारिक आंदोलन से उत्पन्न हुआ था।
  - लिनक्स, मोज़िला फायरफॉक्स, वीएलसी मीडिया प्लेयर, सुगर CRM आदि प्रमुख उदाहरण हैं।

14.उत्तर: C

व्याख्या:

कोन्याक के बारे में:

- कोन्याक सबसे बड़ी जनजाति हैं, इसके बाद नगालैंड में एओ, तंगखुल, सेमा और अंगामी हैं। अत: कथन 1 सही है।
- अन्य नगा जनजातियों में लोथा, संगतम, फोम, चांग, खिमनुंगम, यिमचुंगरे, जेलियांग, चाखेसांग (चोकरी) और रेंगमा शामिल हैं।
- माना जाता है कि 'कोन्याक' शब्द 'व्हाओ' शब्द से लिया गया है जिसका अर्थ है 'सिर' और 'न्याक' का अर्थ है 'काला'। इसका अनुवाद 'काले बालों वाला पुरुष' है।
- उन्हें दो समूहों में बाँटा जा सकता है- 'थेंडु', जिसका अर्थ है 'टैटू वाला चेहरा' और 'थेंथो', जिसका अर्थ है 'सफेद चेहरा'।
- तीन सबसे महत्त्वपूर्ण त्योहार एओलिंगमोन्यु, एओनिमो और लाउन-ओंगमो हैं।
  - एओलिंगमोन्यु अप्रैल के पहले सप्ताह में बीज बोने के बाद मनाया जाता है और यह नए साल की शुरुआत का प्रतीक है। इसका धार्मिक महत्त्व समृद्ध फसल के लिये भगवान को प्रसन्न करना है। अत: कथन 2 सही है।
  - पहली फसल जैसे- मक्का और सब्जियों की कटाई के बाद जुलाई या अगस्त में एओनिमो मनाया जाता है।
  - लाउन-ओंगमो एक धन्यवाद देने वाला त्योहार है और सभी कृषि गतिविधियों के पूरा होने के बाद मनाया जाता है।

15. उत्तर: B

व्याख्या

- DRDO रक्षा मंत्रालय का अनुसंधान एवं विकास (Research and Development) विंग है, जिसका लक्ष्य भारत को अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों से सशक्त बनाना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- आत्मनिर्भरता और सफल स्वदेशी विकास एवं सामरिक प्रणालियों तथा प्लेटफार्मों जैसे- अग्नि और पृथ्वी शृंखला मिसाइलों के उत्पादन की इसकी खोज जैसे- हल्का लड़ाकू विमान, तेजस: बहु बैरल रॉकेट लॉन्चर, पिनाका: वायु रक्षा प्रणाली, आकाश: रडार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों की एक विस्तृत शृंखला आदि, ने भारत की सैन्य शक्ति को प्रभावशाली निरोध पैदा करने और महत्त्वपूर्ण लाभ प्रदान करने में प्रमुख योगदान दिया है।
- DRDO की स्थापना वर्ष 1958 में रक्षा विज्ञान संगठन (Defence Science Organisation- DSO) के साथ भारतीय सेना के तकनीकी विकास प्रतिष्ठान (Technical Development Establishment- TDEs) तथा तकनीकी विकास और उत्पादन निदेशालय (Directorate of Technical Development & Production- DTDP) के संयोजन के बाद की गई थी। अत: कथन 2 सही है।
  - DRDO वर्तमान में 50 प्रयोगशालाओं का एक समूह है जो रक्षा प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों जैसे- वैमानिकी, शस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, लड़ाकू वाहन, इंजीनियरिंग प्रणालियाँ, इंस्ट्रूमेंटेशन, मिसाइलें, उन्नत कंप्यूटिंग और सिमुलेशन, विशेष सामग्री, नौसेना प्रणाली, लाईफ साइंस, प्रशिक्षण, सूचना प्रणाली तथा कृषि के क्षेत्र में कार्य कर रहा है।

नोट :

16.उत्तर: B

व्याख्या

- सवाना एक वनस्पति प्रकार है, जो गर्म और शुष्क जलवायु परिस्थितियों में पाई जाती है तथा इसमें कैनोपी (यानी बिखरे हुए वृक्ष) एवं ज़मीन पर लंबी घास की विशेषता मौजूद होती है।
- सवाना के सबसे बड़े क्षेत्र अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत, म्याँमार (बर्मा), थाईलैंड के एशियाई क्षेत्र और मेडागास्कर में पाए जाते हैं।
- सामान्य तौर पर, सवाना भूमध्य रेखा से 8° से 20° अक्षांशों के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उगती हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सभी मौसमों में स्थितियाँ गर्म होती हैं, लेकिन हर वर्ष केवल कुछ महीनों के लिये वर्षा होती है - दक्षिणी गोलार्द्ध में अक्तूबर से मार्च तक और उत्तरी गोलार्द्ध में अप्रैल से सितंबर तक।
- औसत वार्षिक वर्षा आमतौर पर 80 से 150 सेंटीमीटर होती है, हालाँकि कुछ केंद्रीय महाद्वीपीय स्थानों में यह 50 सेंटीमीटर जितनी कम हो सकती है।
- शुष्क मौसम आमतौर पर बारिश के मौसम की तुलना में लंबा होता है, यह अलग-अलग क्षेत्रों में 2 से 11 महीनों तक हो होता है। शुष्क मौसम में औसत मासिक तापमान लगभग 10 से 20 डिग्री सेल्सियस और बारिश के मौसम में 20 से 30 डिग्री सेल्सियस होता है।
- सवाना में उगने वाली घास और पेड़ कम जल और गर्म तापमान के साथ जीवन के अनुकूल हो गए हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - उदाहरण के लिये, जब पानी प्रचुर मात्रा में होता है तो घास इस आर्द्र मौसम में तेज़ी से बढ़ती है।

17. उत्तर: C

व्याख्या

- भारत का नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) एक संवैधानिक निकाय है।
  - अनुच्छेद 148 कैग के एक स्वतंत्र कार्यालय का प्रावधान करता है। यह भारत की सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्था है। अत: कथन 1 सही है।
  - CAG से संबंधित अन्य प्रावधानों में शामिल हैं: अनुच्छेद 149 (कर्त्तव्य और शक्तियाँ), अनुच्छेद 150 (संघ और राज्यों के खातों का विवरण), अनुच्छेद 151 (CAG की रिपोर्ट), अनुच्छेद 279 ('शुद्ध आय' की गणना आदि) तथा तीसरी अनुसूची (शपथ या प्रतिज्ञान) और छठी अनुसूची (असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम राज्यों में जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन)।
  - संक्षिप्त विवरण:
    - भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के प्रमुख - 1753 में बनाए गए।
    - वह लोक व्यय का संरक्षक होने के साथ-साथ केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर देश की संपूर्ण वित्तीय प्रणाली को नियंत्रित करता है। अत: कथन 2 सही है।
  - उसे भारत के राष्ट्रपति के हस्ताक्षर और मुहर लगे एक अधिपत्र (Warrant) द्वारा नियुक्त किया जाता है।
    - कार्यकाल: इसका कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक होता है। ( दोनों में से जो भी पहले हो)
    - निष्कासन: CAG को राष्ट्रपति द्वारा उसी आधार पर और उसी तरह हटाया जा सकता है जिस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है। वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपना पद धारण नहीं करता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

18.उत्तर: A

व्याख्या:

- एक्वामेशन:
  - यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें मृतक के शरीर को कुछ घंटों के लिये पानी और एक मज़बूत क्षार के मिश्रण में एक दबाव वाले धातु के सिलेंडर में डुबोया जाता है और लगभग 150 डिग्री सेंटीग्रेड तक गर्म किया जाता है।
  - सरल जल प्रवाह, तापमान और क्षारीयता का संयोजन कार्बनिक पदार्थों के टूटने पर ज़ोर देता है।
  - यह प्रक्रिया हड्डी के टुकड़े और एक तटस्थ तरल छोड़ती है जिसे प्रवाह कहा जाता है।
    - बहि:स्राव निष्फल होता है और इसमें लवण, शर्करा, अमीनो अम्ल तथा पेप्टाइड होते हैं।

- प्रक्रिया पूरी होने के बाद कोई ऊतक और डीएनए नहीं बचता है।
- एक्वामेशन की प्रक्रिया में आग से पाँच गुना कम ऊर्जा का उपयोग होता है।
- यह दाह संस्कार के दौरान उत्सर्जित होने वाली ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा को भी लगभग 35% कम कर देता है।
- इस प्रक्रिया को क्षारीय हाइड्रोलिसिस भी कहा जाता है और 'क्रीमेशन एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका' (कैना) (एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन) द्वारा ज्वलनशील दाह संस्कार ('फ्लेमलेस क्रीमेशन) कहा जाता है।
- इस प्रक्रिया को जल दाह संस्कार, हरित दाह संस्कार या रासायनिक दाह संस्कार के रूप में भी जाना जाता है। अत: विकल्प A सही है।

19. उत्तर: C

व्याख्या:

उत्परिवर्तन, वेरिएंट और स्ट्रेन

- जब कोई वायरस अपनी प्रतिकृति बनाता है तो वह हमेशा अपनी एक सटीक प्रतिकृति नहीं बना पाता है।
  - इसका तात्पर्य यह है कि समय के साथ वायरस अपने आनुवंशिक अनुक्रम के संदर्भ में थोड़ा भिन्न होना शुरू कर सकता है।
  - इस प्रक्रिया के दौरान वायरस के आनुवंशिक अनुक्रम में कोई भी परिवर्तन, उत्परिवर्तन यानी म्यूटेशन के रूप में जाना जाता है।.
- शब्द 'म्यूटेशन' और 'वेरिएंट' का इस्तेमाल कभी-कभी एक दूसरे के लिये किया जाता है, लेकिन उनका अर्थ काफी भिन्न-भिन्न होता है। उत्परिवर्तन वायरस की आनुवंशिक सामग्री (इस मामले में आरएनए) में एकल परिवर्तन हैजबकि वेरिएंट वायरस (जीनोम) का संपूर्ण अनुक्रम है, जिसमें एक या अधिक उत्परिवर्तन हो सकते हैं। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।
- जब एक नए वेरिएंट में मूल वायरस से अलग कार्यात्मक गुण मौजूद होते हैं, तो इसे वायरस के नए स्ट्रेन के रूप में जाना जाता है।
  - इस प्रकार सभी स्ट्रेन वेरिएंट होते हैं, लेकिन सभी वेरिएंट स्ट्रेन नहीं होते।

20. उत्तर: C

व्याख्या:

- एक नए अध्ययन में पाया गया है कि वार्षिक फसलों को बारहमासी जैव ऊर्जा फसलों में परिवर्तित करने से उन क्षेत्रों पर शीतलन प्रभाव उत्पन्न हो सकता है, जहाँ उनकी खेती की जाती है। अत: कथन 1 सही है।
  - शोधकर्ताओं ने भविष्य की जैव ऊर्जा फसल की खेती के परिदृश्यों की एक शृंखला के जैव-भौतिक जलवायु प्रभाव का अनुकरण किया। नीलगिरि, चिनार, विलो, मिसकैंथस और स्विचग्रास अध्ययन में इस्तेमाल की जाने वाली जैव ऊर्जा फसलें थीं।
- वे फसलें जिनसे जैव ईंधन का उत्पादन या निर्माण किया जाता है, जैव ईंधन फसलें या जैव ऊर्जा फसलें कहलाती हैं। "ऊर्जा फसल" एक शब्द है जिसका उपयोग जैव ईंधन फसलों का वर्णन करने के लिये किया जाता है।
  - इनमें गेहूँ, मक्का, प्रमुख खाद्य तिलहन/खाद्य तेल, गन्ना और अन्य फसलें शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- जीवाश्म ईंधन की तुलना में जैव ईंधन के कई फायदे हैं, जिसमें कम प्रदूषक होते हैं और इनमें कम मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसों को वातावरण में छोड़ने की क्षमता शामिल है। वे पर्यावरण के अनुकूल भी हैं और ऊर्जा निगम अक्सर जैव ईंधन को गैसोलीन के साथ मिलाते हैं।

21. उत्तर: D

व्याख्या:

EWS कोटा:

- 10% EWS आरक्षण 103वें संविधान (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत अनुच्छेद 15 और 16 में संशोधन करके पेश किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
    - इससे संविधान में अनुच्छेद 15 (6) और अनुच्छेद 16 (6) को सम्मिलित किया गया। अत: कथन 2 सही है।
  - यह आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों (EWS) हेतु शिक्षा संस्थानों में नौकरियों और प्रवेश में आर्थिक आरक्षण के लिये है।

- यह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) तथा सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों (एसईबीसी) के लिये 50% आरक्षण नीति द्वारा कवर नहीं किये गए गरीबों के कल्याण को बढ़ावा देने हेतु अधिनियमित किया गया था।
- यह केंद्र और राज्यों दोनों को समाज के EWS को आरक्षण प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

22. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और NAFED (नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) द्वारा 'PM फॉर्मलाइज़ेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज' (PM Formalization of Micro Food Processing Enterprises - PM FME) योजना के अंतर्गत छह, एक ज़िला एक उत्पाद (ODOP) ब्रांड लॉन्च किये गए हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - मंत्रालय ने PMFME योजना के ब्रांडिंग और विपणन घटक के तहत चयनित ODOP के 10 ब्रांड विकसित करने के लिये NAFED के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इनमें से छह ब्रांड अमृत फाल, कोरी गोल्ड, कश्मीरी मंत्र, मधु मंत्र, सोमदाना और दिल्ली बेक्स की सभी व्हीट कुकीज़ हैं।
- यह 10,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ केंद्र प्रायोजित योजना है।
  - इस योजना के तहत व्यय को केंद्र और राज्य सरकारों के बीच 60:40 के अनुपात में, उत्तर पूर्वी और हिमालयी राज्यों के संदर्भ में 90:10 के अनुपात में, विधायिका युक्त केंद्रशासित प्रदेशों के साथ 60:40 के अनुपात में और अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के मामले में शत प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा साझा किया जाएगा। अत: कथन 1 सही है।

23. उत्तर: A

व्याख्या:

जगन्नाथ मंदिर:

- ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में पूर्वी गंग राजवंश (Eastern Ganga Dynasty) के राजा अनंतवर्मन चोडगंग देव द्वारा किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- जगन्नाथ पुरी मंदिर को 'यमनिका तीर्थ' भी कहा जाता है, जहाँ हिंदू मान्यताओं के अनुसार, पुरी में भगवान जगन्नाथ की उपस्थिति के कारण मृत्यु के देवता 'यम' की शक्ति समाप्त हो गई है।
- इस मंदिर को "सफेद पैगोडा" कहा जाता था और यह चारधाम तीर्थयात्रा (बद्रीनाथ, द्वारका, पुरी, रामेश्वरम) का एक हिस्सा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- मंदिर के चार (पूर्व में 'सिंह द्वार', दक्षिण में 'अश्व द्वार', पश्चिम में 'व्याघरा द्वार' और उत्तर में 'हस्ति द्वार') मुख्य द्वार हैं। प्रत्येक द्वार पर नक्काशी की गई है।
- इसके प्रवेश द्वार के सामने अरुण स्तंभ या सूर्य स्तंभ स्थित है, जो मूल रूप से कोणार्क के सूर्य मंदिर में स्थापित था।

24. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) ने SARS-CoV-2 कोरोनावायरस के ओमिक्रॉन वेरिएंट का पता लगाने के लिये ओमिस्योर नाम की एक 'मेड-इन-इंडिया' परीक्षण किट को मंजूरी दी है। अत: कथन 1 सही है।
- वर्तमान में देश में ओमिक्रॉन का पता लगाने के लिये उपयोग की जाने वाली किट को अमेरिका स्थित वैज्ञानिक उपकरण कंपनी थर्मो फिशर द्वारा विकसित किया गया है।
- इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने प्रयोगशाला क्षमताओं को मज़बूत करने के लिये कुछ उपायों का प्रस्ताव दिया है, जिसमें कोविड -19 निदान उपकरणों तक पहुँच में असमानताओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- यह आरटी-पीसीआर किट 'टाटा मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक्स' द्वारा निर्मित की गई है।
- यह 'S-जीन टारगेट फेलर' (एसजीटीएफ) रणनीति का उपयोग करती है।

- वर्तमान में जीनोम अनुक्रमण के बाद ही ओमिक्रॉन रोगियों का पता लगाया जाता है।
- ओमिस्योर टेस्ट किट इस प्रक्रिया को खत्म करने में मदद करती है और आरटी-पीसीआर परीक्षणों के दौरान नासॉफिरिन्जियल/ऑरोफरीन्जियल नमूनों में SARS-CoV2 के ओमिक्रॉन वेरिएंट का पता लगाती है। अत: कथन 2 सही है।

25. उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत के संविधान के अनुच्छेद 343 में प्रावधान है कि संघ की आधिकारिक भाषा देवनागरी लिपि में हिंदी होगी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- अनुच्छेद 348 (1) (A), जब तक संसद कानून द्वारा अन्यथा प्रदान नहीं करती है, सर्वोच्च न्यायालय और प्रत्येक उच्च न्यायालय के समक्ष सभी कार्यवाही अंग्रेज़ी में आयोजित की जाएगी।
- इसलिये संविधान इस चेतावनी के साथ अंग्रेज़ी को सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों की प्राथमिक भाषा के रूप में मान्यता देता है कि भले ही उच्च न्यायालयों की कार्यवाही में किसी अन्य भाषा का उपयोग किया जाए लेकिन उच्च न्यायालयों के निर्णय अंग्रेज़ी में दिये जाने चाहये। अत: कथन 2 सही है।

26. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने 'भारत में चीते की पुन: वापसी हेतु कार्य योजना' शुरू की है, जिसके तहत अगले पाँच वर्षों में 50 'चीतों' को लाया जाएगा।
  - बड़े माँसाहारी जानवरों को 'पुन: प्रस्तुत' करने को, विलुप्त प्रजातियों के संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र के बहाल करने की रणनीति के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।
  - चीता एकमात्र बड़ा माँसाहारी जानवर है, जो कि अति-शिकार के कारण भारत में विलुप्त हो गया है। अत: कथन 1 सही है।
- चीता बड़ी बिल्ली प्रजातियों में सबसे पुरानी प्रजातियों में से एक है, जिनके पूर्वजों की उत्पत्ति को पाँच मिलियन से अधिक वर्षों से मियोसीन युग में देखा गया।
  - चीता दुनिया का सबसे तेज़ भूमि स्तनपायी भी है जो अफ्रीका और एशिया में पाया जाता है।
  - अफ्रीकी चीता एशियाई चीता की तुलना में आकार में बड़ा होता है। शरीर पर बहुत अधिक फर, छोटा सिर व लंबी गर्दन आमतौर पर इनकी आँखें लाल होती हैं और प्राय: बिल्ली के समान दिखते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - अफ्रीकी चीता को IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्य (Vulnerable) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है जबकि एशियाई चीता को' अति संकटग्रस्त' (Critically Endangered) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

27. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में विद्युत मंत्रालय ने अपने प्रमुख उजाला (Unnat Jyoti by Affordable LEDs for All) कार्यक्रम के तहत LED लाइटों के वितरण और बिक्री के सात वर्ष सफलतापूर्वक पूरे किये हैं।
- देश भर में वितरित 36.78 करोड़ से अधिक LEDs के साथ यह पहल दुनिया के सबसे बड़े ज़ीरो सब्सिडी घरेलू प्रकाश कार्यक्रम के रूप में विकसित हुई है। अत: कथन 1 सही है।
- इसे वर्ष 2015 में लॉन्च किया गया और इसे एलईडी-आधारित घरेलू कुशल प्रकाश कार्यक्रम (DELP) के रूप में भी जाना जाता है, इसका उद्देश्य सभी के लिये ऊर्जा के कुशल उपयोग (अर्थात् इसकी खपत, बचत और प्रकाश व्यवस्था) को बढ़ावा देना है।
- ऊर्जा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक सरकारी कंपनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) को इस कार्यक्रम के लिये कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- प्रत्येक परिवार जो संबंधित विद्युत वितरण कंपनी का घरेलू कनेक्शन रखता है, योजना के तहत LED बल्ब प्राप्त करने के लिये पात्र है।

28. उत्तर: C

व्याख्या:

यौन उत्पीड़न के खिलाफ महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2013

- भूमिका: सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशाखा और अन्य बनाम राजस्थान राज्य 1997 मामले के एक ऐतिहासिक फैसले में 'विशाखा दिशा निर्देश' दिया गया है।
    - इन दिशा निर्देशों ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 ("यौन उत्पीड़न अधिनियम") का आधार बनाया। अत: कथन 1 सही है।
- तंत्र: अधिनियम कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को परिभाषित करता है और शिकायतों के निवारण के लिये एक तंत्र बनाता है।
    - प्रत्येक नियोक्ता को प्रत्येक कार्यालय या शाखा में 10 या अधिक कर्मचारियों के साथ एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना आवश्यक है। अत: कथन 2 सही है।
    - शिकायत समितियों को साक्ष्य एकत्र करने के लिये दीवानी न्यायालयों की शक्तियाँ प्रदान की गई है।
    - शिकायत समितियों को शिकायतकर्ता द्वारा अनुरोध किये जाने पर जाँच शुरू करने से पहले सुलह का प्रावधान करना होता है।
- दंडात्मक प्रावधान: नियोक्ताओं के लिये दंड निर्धारित किया गया है। अधिनियम के प्रावधानों का पालन न करने पर जुर्माना देना होगा।
    - बार-बार उल्लंघन करने पर अधिक दंड और व्यवसाय संचालित करने के लिये लाइसेंस या पंजीकरण रद्द किया जा सकता है।
- प्रशासन की ज़िम्मेदारी: राज्य सरकार हर ज़िले में ज़िला अधिकारी को अधिसूचित करेगी, जो एक स्थानीय शिकायत समिति ( Local Complaints Committee- LCC) का गठन करेगा ताकि असंगठित क्षेत्र या छोटे प्रतिष्ठानों में महिलाओं को यौन उत्पीड़न से मुक्त वातावरण में कार्य करने में सक्षम बनाया जा सके।

29. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान और दक्षिण कोरिया की नौसेनाओं के साथ प्रशांत महासागर में यूएस सी ड्रैगन 22 अभ्यास शुरू हुआ।
- सी ड्रैगन एक अमेरिकी नेतृत्व वाला बहु-राष्ट्रीय अभ्यास है जिसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा चुनौतियों के जवाब में एक साथ संचालित करने के लिये पनडुब्बी रोधी युद्ध रणनीति का अभ्यास व चर्चा करने हेतु डिज़ाइन किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक वार्षिक अभ्यास है। कथन 2 सही नहीं है।
- चीन के साथ कुछ देशों के तनावपूर्ण संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र में पीएलए-नौसेना के बढ़ते प्रयासों के मद्देनजर यह अभ्यास महत्त्व रखता है।

30.

उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में भारतीय चुनाव आयोग (ECI) द्वारा लोकसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिये खर्च की सीमा 54 लाख-70 लाख रुपए (राज्यों के आधार पर) से बढ़ाकर 70 लाख-95 लाख रुपए कर दी गई थी।
    - इसके अलावा विधानसभा क्षेत्रों के लिये खर्च की सीमा 20 लाख-28 लाख रुपए से बढ़ाकर 28 लाख- 40 लाख रुपए (राज्यों के आधार पर) कर दी गई थी।
- यह वह राशि है जो एक उम्मीदवार द्वारा अपने चुनाव अभियान के दौरान कानूनी रूप से खर्च की जा सकती है जिसमें सार्वजनिक बैठकों, रैलियों, विज्ञापनों, पोस्टर, बैनर, वाहनों और विज्ञापनों पर खर्च शामिल होता है।
    - चुनाव संपन्न होने के 30 दिनों के भीतर सभी उम्मीदवारों को ECI के समक्ष अपना व्यय विवरण प्रस्तुत करना होता है।

नोट :

- उम्मीदवार द्वारा सीमा से अधिक व्यय या खाते का गलत विवरण प्रस्तुत करने पर RPA, 1951 की धारा 10 के तहत ECI द्वारा उसे तीन साल के लिये अयोग्य घोषित किया जा सकता है। अत: कथन 1 सही है।

- किसी राजनीतिक दल के खर्च की कोई सीमा नहीं है, जिसका अक्सर पार्टी के उम्मीदवार फायदा उठाते हैं। अत: कथन 2 सही है।

31. उत्तर: C

व्याख्या

- वातावरण में सल्फर डाइऑक्साइड का सबसे बड़ा स्रोत विद्युत संयंत्रों और अन्य औद्योगिक गतिविधियों में जीवाश्म ईंधन का दहन है। अत: कथन 1 सही है।
- सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन के छोटे स्रोतों में अयस्कों से धातु निष्कर्षण जैसी औद्योगिक प्रक्रियाएँ, प्राकृतिक स्रोत जैसे- ज्वालामुखी विस्फोट, इंजन, जहाज़ और अन्य वाहन तथा भारी उपकारणों में उच्च सल्फर ईंधन सामग्री का प्रयोग शामिल है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सल्फर डाइऑक्साइड स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को प्रभावित कर सकती है।
- सल्फर डाइऑक्साइड के अल्पकालिक जोखिम मानव श्वसन प्रणाली को नुकसान पहुँचा सकते हैं और साँस लेने में कठिनाई उत्पन्न कर सकते हैं। विशेषकर बच्चे $SO_2$ के इन प्रभावों के प्रति संवेदनशील होते हैं। अत: कथन 3 सही है।

32. उत्तर: B

व्याख्या:

- पर्यटन मंत्रालय द्वारा चिह्नित तीर्थ स्थलों के समग्र विकास के उद्देश्य से 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन पर राष्ट्रीय मिशन' शुरू किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- PRASHAD योजना के उद्देश्य इस प्रकार हैं:
  - रोज़गार सृजन और आर्थिक विकास पर प्रत्यक्ष प्रभाव के लिए तीर्थ यात्रा पर्यटन का उपयोग करना।
  - तीर्थ स्थलों के विकास में गरीब समर्थक पर्यटन अवधारणा और समुदाय आधारित विकास का पालन करना।
  - सार्वजनिक विशेषज्ञता और पूँजी का लाभ उठाना।
  - धार्मिक स्थलों में विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे को विकसित करके पर्यटकों के आकर्षण को स्थायी रूप से बढ़ाना।
  - बेहतर जीवन स्तर, आय के स्रोतों में वृद्धि और क्षेत्र के समग्र विकास के संदर्भ में स्थानीय समुदायों में उनके लिये पर्यटन के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना।
  - पहचान किये गए स्थानों में आजीविका उत्पन्न करने के लिये स्थानीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प आदि को बढ़ावा देना। अत: कथन 2 सही है।

33. उत्तर: A

व्याख्या

- संविधान के अनुच्छेद 44 में वर्णित है कि राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।
- समान नागरिक संहिता पूरे देश के लिये एक समान कानून के साथ ही सभी धार्मिक समुदायों के लिये विवाह, तलाक, विरासत, गोद लेने आदि कानूनों में भी एकरूपता प्रदान करने का प्रावधान करती है।
- अनुच्छेद-44, संविधान में वर्णित राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों में से एक है।
  - अनुच्छेद-37 में परिभाषित है कि राज्य के नीति निदेशक तत्त्व संबंधी प्रावधानों को किसी भी न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं किया जा सकता है लेकिन इसमें निहित सिद्धांत शासन व्यवस्था में मौलिक प्रकृति के होंगे। अत: विकल्प A सही है।

नोट :

34. उत्तर: B

व्याख्या:

प्राचीन सभ्यताएं और उनके स्थान:

- माया सभ्यता- मेक्सिको। अत: विकल्प B सही सुमेलित नहीं है।
- इंकान सभ्यता- इक्वाडोर, पेरू और चिली
- एज़्टेक सभ्यता- मेक्सिको
- रोमन सभ्यता- रोम
- फारसी सभ्यता- ईरान
- प्राचीन यूनानी सभ्यता- ग्रीस
- चीनी सभ्यता- चीन
- प्राचीन मिस्र की सभ्यता - मिस्र
- सिंधु घाटी सभ्यता- पाकिस्तान से उत्तर-पूर्व अफगानिस्तान और उत्तर-पश्चिम भारत
- मेसोपोटामिया सभ्यता- इराक, सीरिया और तुर्की

35. उत्तर: C

व्याख्या:

कैस्पियन सागर:

- कैस्पियन सागर दुनिया का सबसे बड़ा अंतर्देशीय जल निकाय है। यह काकेशस पर्वत के पूर्व में और मध्य एशिया के विशाल मैदान के पश्चिम में स्थित है।
- इस समुद्र का नाम प्राचीन कास्पी लोगों से निकला है, जो कभी पश्चिम में ट्रांसकेशिया में रहते थे।
- इसके अन्य ऐतिहासिक नामों में खज़ार्स्क और ख्वालिन्स्क क्षेत्र हैं।
- समुद्र के उत्तर-पूर्व में कज़ाखस्तान, दक्षिण-पूर्व में तुर्कमेनिस्तान, दक्षिण में ईरान, दक्षिण-पश्चिम में अजरबैजान और उत्तर-पश्चिम में रूस है। अत: विकल्प C सही है।

36. उत्तर: C

व्याख्या

- 'सकल घरेलू उत्पाद' (GDP) अर्थव्यवस्था को व्यय (या मांग) पक्ष से मापता करता है- यानी सभी व्यय जोड़कर। अत: कथन 1 सही है।
  - जीडीपी = निजी खपत + सकल निवेश + सरकारी निवेश + सरकारी खर्च + निर्यात-आयात।
- सकल मूल्य वर्द्धन (Gross Value Added- GVA) आपूर्ति पक्ष से अर्थव्यवस्था की एक तस्वीर प्रदान करता है।
  - सकल मूल्य वर्द्धन किसी देश की अर्थव्यवस्था में सभी क्षेत्रों, यथा- प्राथमिक क्षेत्र, द्वितीय क्षेत्र और तृतीयक क्षेत्र द्वारा किया गया कुल अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के उत्पादन का मौद्रिक मूल्य होता है।
  - सकल मूल्यवर्द्धन = GDP + उत्पादों पर सब्सिडी - उत्पादों पर कर। अत: कथन 2 सही है।

37. उत्तर: B

व्याख्या

- राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (NBHM) का उद्देश्य देश में वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन के समग्र प्रचार और विकास को 'मीठी क्रांति' के लक्ष्य को प्राप्त करना है जिसे राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड (NBB) के माध्यम से लागू किया जा रहा है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग के तहत राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड, गतिविधियों के कार्यान्वयन हेतु NBHM के तहत राष्ट्रीय स्तर पर मधुमक्खी पालन क्षेत्र के समग्र समग्र विकास और संवर्धन के लिये एक राष्ट्रीय स्तर की नोडल एजेंसी होगी। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

- हाल ही में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) ने उत्तर प्रदेश के एक गाँव में देश की पहली मोबाइल हनी प्रोसेसिंग वैन लॉन्च की है।
  - मोबाइल हनी प्रोसेसिंग वैन जो मधुमक्खी पालकों द्वारा उत्पादित शहद को उनके दरवाजे पर संसाधित करेगी और इस प्रकार उन्हें प्रसंस्करण हेतु दूर के शहरों में प्रसंस्करण संयंत्रों में शहद ले जाने की परेशानी और लागत से बचाएगी।

38. उत्तर: C

व्याख्या:

- आल्प्स एक असंतत पर्वत शृंखला (Discontinuous Mountain Chain) का छोटा खंड है जो उत्तरी अफ्रीका के एटलस पर्वत से दक्षिणी यूरोप और एशिया में हिमालय से आगे तक फैला है। अत: कथन 1 सही है।
  - आल्प्स एक इंटरज़ोनल पर्वत प्रणाली (ओरोबायोम) या मध्य और भूमध्यसागरीय यूरोप के बीच एक "संक्रमण क्षेत्र" (Transition Area) है। अत: कथन 2 सही है।
- यद्यपि वे पैलियोजीन और नियोजीन काल (यानी लगभग 65 मिलियन से 2.6 मिलियन वर्ष पूर्व) के दौरान निर्मित अन्य पर्वत प्रणालियोंकी तुलना में उच्च तथा व्यापक नहीं हैं, जैसे कि हिमालय (एशिया की महान पर्वत प्रणाली) और एंडीज़ एवं रॉकी पर्वत (क्रमश: दक्षिण अमेरिका व उत्तरी अमेरिका में) किंतु वे प्रमुख भौगोलिक घटनाओं हेतु उत्तरदायी हैं।
- मोंट ब्लांक सबसे ऊँची चोटी है।
  - पश्चिमी गोलार्द्ध का सबसे ऊँचा स्थान माउंट एकोंकागुआ, दक्षिणी एंडीज पर्वत में स्थित है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

39. उत्तर: B

व्याख्या:

- चंबल नदी घड़ियाल का प्राथमिक आवास है लेकिन यह उत्तरी भारत के मीठे पानी में कई अन्य भागों जैसे घाघरा नदी, गंडक नदी, गिरवा नदी (उत्तर प्रदेश), रामगंगा नदी (उत्तराखंड) और सोन नदी (बिहार) में पाए जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- घड़ियाल की आबादी स्वच्छ नदी जल का एक अच्छा संकेतक है। अत: कथन 2 सही है।
- भारत में मगरमच्छों की तीन प्रजातियाँ पाई जाती हैं:
  - घड़ियाल (गेवियलिस गैंगेटिकस): IUCN रेड लिस्ट- गंभीर रूप से संकटग्रस्त (Critically Endangered)। अत: कथन 3 सही है।
  - मगर (Crocodylus Palustris): IUCN- सुभेद्य (Vulnerable)।
  - खारे पानी का मगरमच्छ (Crocodylus Porosus): IUCN- कम चिंतनीय (Least Concern)।

40. उत्तर: C

व्याख्या:

- यह एक अंतर-सरकारी सैन्य गठबंधन (छह देशों का) है जो वर्ष 2002 में लागू हुआ था।
- वर्ष 1991 में एक स्वतंत्र गणराज्य बनने के बाद से मध्य एशियाई देश पर शासन करने वाले शासकों के अस्तित्व को खतरे में डालने वाले विरोधों पर अंकुश लगाने के लिये इसने कज़ाखस्तान को प्रभावित करना शुरू कर दिया।
- वर्ष 1992 में सोवियत संघ के बाद के छह राज्यों ने स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रमंडल से संबंधित - रूस, आर्मेनिया, कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान ने सामूहिक सुरक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये थे। अत: कथन 1 सही है।
- इसे "ताशकंद पैक्ट" या "ताशकंद समझौते" के रूप में भी जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है।

41. उत्तर: D

व्याख्या:

- विश्व व्यापार संगठन ने 'विकसित' और 'विकासशील' देशों को परिभाषित नहीं किया है और इसलिये सदस्य देश यह घोषणा करने के लिये स्वतंत्र हैं कि वे 'विकसित' हैं या 'विकासशील'।
  - विश्व बैंक दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को चार आय समूहों- निम्न, निम्न-मध्यम, उच्च-मध्यम और उच्च आय वाले देशों में वर्गीकृत करता है।

नोट :

- वर्गीकरण को प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को अद्यतन किया जाता है और यह पिछले वर्ष के वर्तमान अमेरिकी डॉलर में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (GNI) पर आधारित होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- विश्व व्यापार संगठन में विकासशील देश का दर्जा कुछ अधिकार प्रदान करता है।
  - कुछ विश्व व्यापार संगठन समझौते हैं जो विकासशील देशों को समझौते को पूरी तरह से लागू करने हेतु लंबी संक्रमण अवधि के साथ प्रदान करते है ताकि विकासशील देश तकनीकी सहायता प्राप्त कर सकें।
- विश्व व्यापार संगठन का सदस्य स्वयं को विकासशील देश के रूप में घोषित करता है, इसका मतलब यह नहीं है कि इसे कुछ विकसित देश के सदस्यों की एकतरफा वरीयता योजनाओं जैसे कि सामान्यीकृत प्रणाली (जीएसपी) से लाभ होगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

42. उत्तर: D

व्याख्या:

- तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अश्गाबात से 260 किलोमीटर दूर काराकुम रेगिस्तान में स्थित यह क्रेटर पिछले 50 सालों से जल रहा है।
  - क्रेटर देश में एक महत्त्वपूर्ण पर्यटक आकर्षण बन गया है। 2018 में देश के राष्ट्रपति ने आधिकारिक तौर पर इसका नाम बदलकर "काराकुम की चमक" ("Shining of Karakum") कर दिया।
- हालाँकि, हाल ही में, तुर्कमेनिस्तान ने दरवाजा गैस क्रेटर में आग बुझाने का एक तरीका खोजने का फैसला किया है क्योंकि यह पर्यावरण और आस-पास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य के साथ-साथ मूल्यवान प्राकृतिक संसाधनों के नुकसान के साथ-साथ देश को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है।
  - तुर्कमेनिस्तान मीथेन रिसाव के केंद्र में रहा है। अत: विकल्प D सही है।

43. उत्तर: C

व्याख्या:

प्रवासी भारतीयों से संबंधित सरकारी पहलें

- प्रवासी कौशल विकास योजना (PKVY): प्रवासी भारतीय कामगारों के कौशल विकास की प्रक्रिया को संस्थागत बनाना।
- प्रवासी बच्चों के लिये छात्रवृत्ति कार्यक्रम (SPDC): स्नातक पाठ्यक्रमों हेतु भारतीय मूल के व्यक्तियों (PIO) और अनिवासी भारतीय (NRI) छात्रों को प्रतिवर्ष 100 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाती हैं।
- 'भारत को जानो' कार्यक्रम (केआईपी): यह भारतीय मूल के युवाओं (18-30 वर्ष) को उनकी भारतीय मूल और समकालीन भारत से परिचित कराता है।
- ई-माइग्रेट सिस्टम: यह एक विदेशी नियोक्ता डेटाबेस है। यह कल्याण सुनिश्चित करता है और प्रवासियों के शोषण पर रोक लगाता है।
- VAJRA (उन्नत संयुक्त अनुसंधान संकाय का दौरा) योजना: यह एक रोटेशन कार्यक्रम को औपचारिक रूप देता है जिसमें शीर्ष एनआरआई वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर, प्रबंधक और पेशेवर एक संक्षिप्त अवधि के लिये भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों की सेवा करते हैं, अपनी विशेषज्ञता की सेवा देते हैं
- औद्योगिक मूल्य संवर्द्धन के लिये कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव): यह परियोजना विश्व बैंक की सहायता से भारत सरकार की परियोजना है जिसका उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और शिक्षुता के माध्यम से प्रदान किये जाने वाले कौशल प्रशिक्षण की प्रासंगिकता और दक्षता में सुधार करना है। अत: विकल्प C सही है।

44. उत्तर: B

व्याख्या:

गुरु गोबिंद सिंह:

- दस सिख गुरुओं में से अंतिम गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर,1666 को पटना, बिहार में हुआ था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- उनकी जयंती नानकशाही कैलेंडर पर आधारित है।
- गुरु गोबिंद सिंह अपने पिता 'गुरु तेग बहादुर' यानी नौवें सिख गुरु की मृत्यु के बाद 9 वर्ष की आयु में 10वें सिख गुरु बने। वर्ष 1708 में उनकी हत्या कर दी गई थी।

- उन्होंने खालसा या पाँच 'क' के सिद्धांत की भी स्थापना की।
  - पाँच 'क' केश (बिना कटे बाल), कंघा (लकड़ी की कंघी), कारा (लोहे या स्टील का ब्रेसलेट), कृपाण (डैगर) और कचेरा (छोटी जाँघिया) हैं। अत: कथन 2 सही है।
- उन्होंने खालसा योद्धाओं के पालन करने हेतु कई अन्य नियम भी निर्धारित किये, जैसे- तंबाकू, शराब, हलाल मांस से परहेज आदि। खालसा योद्धा निर्दोष लोगों को उत्पीड़न से बचाने के लिये भी कर्तव्यनिष्ठ थे।
- उन्होंने अपने बाद गुरु ग्रंथ साहिब (खालसा और सिखों की धार्मिक पुस्तक) को दोनों समुदायों का अगला गुरु घोषित किया।

45. उत्तर: A

व्याख्या

- आईएनएस विराट (सेवामुक्त): आईएनएस विक्रांत के बाद सेंटौर-श्रेणी का वाहक एचएमएस (हर मेजेस्टीज शिप) हर्मीस आया, जिसे भारत में आईएनएस विराट के रूप में नाम दिया गया और इसने वर्ष 1987 से 2016 तक भारतीय नौसेना में सेवा प्रदान कीं। अत: युग्म 1 सही है।
- आईएनएस विक्रमादित्य:
  - यह भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत और रूसी नौसेना के सेवामुक्त एडमिरल गोर्शकोव/बाकू से परिवर्तित युद्धपोत है।
    - INS विक्रमादित्य एक संशोधित कीव-श्रेणी का विमानवाहक पोत है जिसे नवंबर 2013 में कमीशन किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- INS विक्रांत (सेवामुक्त): आईएनएस विक्रांत से शुरुआत, जिसने वर्ष 1961 से 1997 तक भारत की सेवा की।
  - भारत ने वर्ष 1961 में यूनाइटेड किंगडम से विक्रांत का अधिग्रहण किया और इस वाहक ने पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसके कारण बांग्लादेश का जन्म हुआ।
  - वर्ष 2014 में आईएनएस विक्रांत का मुंबई में भंजन हुआ। अत: कथन 3 सही नहीं है।

46. उत्तर: C

व्याख्या

- वर्ष 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने 'गवाह संरक्षण योजना- 2018' को मंज़ूरी दी थी, जिसका उद्देश्य एक गवाह को निडर और सच्चाई से गवाही देने में सक्षम बनाना है। इसके तहत सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि:
  - अदालतों में स्वतंत्र रूप से गवाही देने का गवाहों का अधिकार अनुच्छेद-21 (जीवन का अधिकार) का हिस्सा है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह योजना भारत के संविधान के अनुच्छेद 141 और 142 के तहत एक कानून के तौर पर लागू होगी।
  - न्यायपीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को संवेदनशील गवाहों के बयान परिसर स्थापित करने को भी कहा है।
- यद्यपि यह योजना अभी तक संसद में लंबित है, सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों में इस योजना को तुरंत लागू करने का आदेश दिया है और स्पष्ट कहा कि यह योजना देश में कानून के तौर पर लागू होगी।
- वर्षों से विधि आयोग की विभिन्न रिपोर्टों और न्यायालय के विभिन्न निर्णयों में गवाहों की रक्षा करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया है।
  - गुजरात राज्य बनाम अनिरुद्ध सिंह (1997), 14वें विधि आयोग की रिपोर्ट और मलीमथ समिति की रिपोर्ट ने गवाह संरक्षण योजना की सिफारिश की है। अत: कथन 2 सही है।

47. उत्तर: B

व्याख्या:

- इसका उद्देश्य व्यापार बाधाओं को दूर करना और पारदर्शी बाज़ार पहुँच तथा वैश्विक बाज़ारों के एकीकरण को बढ़ावा देना है। अत:कथन 1 सही है।
- कृषि पर समझौते के तीन स्तंभ:
  - घरेलू समर्थन: यह घरेलू सब्सिडी में कमी का आह्वान करता है जो मुक्त व्यापार और उचित मूल्य को विकृत करता है।

- इस प्रावधान के तहत विकसित देशों द्वारा सहायता के कुल मापन को 6 वर्षों की अवधि में 20% और विकासशील देशों द्वारा 10 वर्षों की अवधि में 13% कम किया जाना है।
- इसके तहत सब्सिडी को निम्नलिखित रूपों में वर्गीकृत किया गया है:

- ग्रीन बॉक्स:
  - इसके अंतर्गत दी जाने वाली सब्सिडी सामान्यत: व्यापार में या तो विकृति उत्पन्न करती नहीं है या फिर न्यूनतम विकृति उत्पन्न करती है।
  - इसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम, स्थानीय विकास कार्यक्रमों, अनुसंधान, आपदा राहत इत्यादि हेतु सरकार द्वारा प्रदान की गई आर्थिक सहायता को शामिल किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - इसलिये ग्रीन बॉक्स सब्सिडी पर प्रतिबंध नहीं होता है, बशर्ते यह नीति-विशिष्ट मानदंडों के अनुरूप हो।
- अंबर बॉक्स:
  - इसके अंतर्गत ब्लू एवं ग्रीन बॉक्स के अलावा वे सभी सब्सिडियाँ आती हैं जो कृषि उत्पादन एवं व्यापार को विकृत करती हैं।
  - इस सब्सिडी में सरकार द्वारा कृषि उत्पादों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारण तथा कृषि उत्पादों की मात्रा के आधार पर प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता आदि को शामिल किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
- ब्लू बॉक्स:
  - यह "शर्तों के साथ एम्बर बॉक्स"(Amber Box With Conditions) है। इसे एसी स्थितियों में कमी लेन हेतु डिज़ाइन किया गया है जो व्यापार में विकृति उत्पन्न करती हैं।
  - आम तौर पर एम्बर बॉक्स में शामिल उस सब्सिडी को नीले बॉक्स में रखा जाता है जिसे प्राप्त करने के लिये किसानों को अपना उत्पादन सीमित करने की आवश्यकता होती है।
  - वर्तमान ब्लू बॉक्स सब्सिडी पर खर्च करने की कोई सीमा नहीं है।
- बाज़ार तक पहुँच: विश्व व्यापार संगठन में माल के लिये बाज़ार की पहुँच का अर्थ शर्तों, टैरिफ और गैर-टैरिफ उपायों से है, जो सदस्यों द्वारा अपने बाज़ारों में विशिष्ट वस्तुओं के प्रवेश पर लगाए जाते हैं।
  - बाज़ार तक पहुँच सुनिशित करने के लिये आवश्यक है कि मुक्त व्यापार की अनुमति देने के लिये अलग-अलग देशों द्वारा निर्धारित टैरिफ (जैसे कस्टम ड्यूटी) में उत्तरोत्तर कटौती की जाए। इसके लिये देशों को टैरिफरहित शर्तों को हटाकर टैरिफ ड्यूटी में में बदलने की भी आवश्यकता थी।
- निर्यात सब्सिडी: कृषि इनपुट/निवेश वस्तुओं पर सब्सिडी, निर्यात को सस्ता बनाना या निर्यात को बढ़ावा देने हेतु अन्य प्रोत्साहन जैसे- आयात शुल्क में छूट आदि को निर्यात सब्सिडी के तहत शामिल किया गया है।
  - इनके परिणामस्वरूप अन्य देशों में अत्यधिक सब्सिडी वाले (और सस्ते) उत्पादों की डंपिंग हो सकती है जिससे उन देशों के घरेलू कृषि क्षेत्र को नुकसान हो सकता है।

48. उत्तर: A

व्याख्या:

अफ्रीकन स्वाइन फीवर

- यह एक अत्यधिक संक्रामक और घातक पशु रोग है, जो घरेलू तथा जंगली सूअरों को संक्रमित करता है। इसके संक्रमण से सूअर एक प्रकार के तीव्र रक्तस्रावी बुखार (Hemorrhagic Fever) से पीड़ित होते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- रोग के अन्य लक्षणों में तेज़ बुखार, अवसाद, एनोरेक्सिया, भूख न लगना, त्वचा में रक्तस्राव, उल्टी और दस्त शामिल हैं।
- इसे पहली बार 1920 के दशक में अफ्रीका में देखा गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - ऐतिहासिक रूप से अफ्रीका और यूरोप, दक्षिण अमेरिका तथा कैरेबियन के कुछ हिस्सों में प्रकोप की सूचना मिली है।
  - हालाँकि हाल ही में (2007 से) अफ्रीका, एशिया और यूरोप के कई देशों में घरेलू और जंगली दोनों सूअरों में यह बीमारी पाई गई।
  - भारत में भी वर्ष 2021 में इस प्रकार के मामलो का पता चला था।

नोट :

- इस रोग में मृत्यु दर 100 प्रतिशत के करीब होती है और चूँकि इस बुखार का कोई इलाज नहीं है, अत: इसके संक्रमण को फैलने से रोकने का एकमात्र तरीका जानवरों को मारना है।
- अफ्रीकी स्वाइन फीवर मनुष्य के लिये खतरा नहीं होता है, क्योंकि यह केवल जानवरों से जानवरों में फैलता है।
- अफ्रीकी स्वाइन फीवर, विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (OIE) के पशु स्वास्थ्य कोड में सूचीबद्ध एक ऐसी बीमारी है जिसके संदर्भ में तुरंत OIE को सूचना देना आवश्यक है।

49.उत्तर: D

व्याख्या:

- हिंदी भाषा को अपना नाम फारसी शब्द 'हिंद' से प्राप्त हुआ है, जिसका अर्थ है 'सिंधु नदी की भूमि'। 11वीं शताब्दी की शुरुआत में तुर्की के आक्रमणकारियों ने सिंधु नदी के आसपास के क्षेत्र की भाषा को हिंदी यानी 'सिंधु नदी की भूमि की भाषा' नाम दिया।
  - यह भारत की राजभाषा है, अंग्रेज़ी दूसरी अन्य राजभाषा है।
- भारत के बाहर कुछ देशों में भी हिंदी बोली जाती है, जैसे मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नेपाल में।
- हिन्दी अपने वर्तमान स्वरूप में विभिन्न अवस्थाओं के माध्यम से उभरी है जिसके दौरान इसे अन्य नामों से जाना जाता था। प्राचीन हिंदी का सबसे प्रारंभिक रूप अपभ्रंश (Apabhramsa) था।
- 400 ईस्वी में कालिदास ने अपभ्रंश में विक्रमोर्वशियम नामक एक रोमांटिक नाटक लिखा।
- आधुनिक देवनागरी लिपि 11वीं शताब्दी में अस्तित्त्व में आई। अत: विकल्प D सही है।

50. उत्तर: D

व्याख्या

- 'आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण' का आयोजन राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (NSO), सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- त्रैमासिक रोज़गार सर्वेक्षण' (QES) 'ऑल-इंडिया क्वार्टरली एस्टेब्लिशमेंट-बेस्ड एम्प्लॉयमेंट सर्वे' (All-India Quarterly Establishment-based Employment Survey- AQEES) का हिस्सा है। यह श्रम ब्यूरो, श्रम और रोज़गार मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है।
  - इसमें कुल 9 क्षेत्रों के संगठित खंड में 10 या अधिक श्रमिकों को रोज़गार देने वाले प्रतिष्ठान शामिल हैं।
  - ये 9 क्षेत्र हैं- विनिर्माण, निर्माण, व्यापार, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं रेस्तराँ, आईटी/बीपीओ और वित्तीय सेवा गतिविधियाँ। अत: कथन 2 सही नहीं है।

51. उत्तर: C

व्याख्या:

राष्ट्रीय युवा दिवस 2022:

- स्वामी विवेकानंद की जयंती को हर वर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस (National Youth Day NYD) के रूप में आयोजित किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - वर्ष 1999 में संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया।
- वर्ष 1984 में भारत सरकार ने पहली बार स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। तभी से पूरे देश में इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।
  - यह दिन उन युवाओं को संबोधित करने के लिये मनाया जाता है जो हमारे देश का भविष्य हैं और स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाने के लिये जिन्होंने हमेशा देश के युवाओं को प्रेरित किया एवं देश के विकास में युवाओं के सही उपयोग के बारे में बात की।
- स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को हुआ तथा उनके बचपन का नाम नरेंद्र नाथ दत्त था।
  - उन्होंने दुनिया को वेदांत और योग के भारतीय दर्शन से परिचित करवाया। वे 19वीं सदी के आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक रामकृष्ण परमहंस के शिष्य थे। अत: कथन 2 सही है।

52. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में विश्व आर्थिक मंच द्वारा वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2022 नामक एक वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई। यह जोखिम विशेषज्ञों और व्यापार, सरकार और नागरिक समाज में विश्व के नेताओं के बीच वैश्विक जोखिम धारणाओं को ट्रैक करता है।
  - यह पाँच श्रेणियों में जोखिमों को ट्रैक करती है: आर्थिक, पर्यावरण, भू-राजनीतिक, सामाजिक और तकनीकी।

विश्व आर्थिक मंच

- विश्व आर्थिक मंच के बारे में:
  - विश्व आर्थिक मंच एक स्विस गैर-लाभकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इसकी स्थापना 1971 में हुई थी। इसका मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में है।
  - स्विस/स्विट्ज़रलैंड अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिये अंतर्राष्ट्रीय संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- मिशन:
  - फोरम वैश्विक, क्षेत्रीय और औद्योगिक एजेंडों को आकार देने के लिये राजनीतिक, व्यापारिक, सामाजिक व शैक्षणिक क्षेत्र के अग्रणी नेतृत्व को एक साझा मंच उपलब्ध कराता है। अत: विकल्प B सही है।

53. उत्तर: A

व्याख्या

- 'हेनले पासपोर्ट इंडेक्स' दुनिया के सभी पासपोर्टों की मूल रैंकिंग है, जो यह बताता है कि किसी एक विशेष देश का पासपोर्ट धारक कितने देशों में बिना पूर्व वीज़ा के यात्रा कर सकता है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह इंडेक्स मूलत: डॉ. क्रिश्चियन एच. केलिन (हेनले एंड पार्टनर्स के अध्यक्ष) द्वारा स्थापित किया गया था और इसकी रैंकिंग 'इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन' (IATA) के विशेष डेटा पर आधारित है, जो अंतर्राष्ट्रीय यात्रा की जानकारी का दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सटीक डेटाबेस प्रदान करता है।
  - इसे 2006 में लॉन्च किया गया था और इसमें 199 विभिन्न पासपोर्ट शामिल हैं।
  - इसे पूरे वर्ष वास्तविक समय में और जब वीज़ा नीति परिवर्तन प्रभावी होती इसका अद्यतन किया जाता है।
- वैश्विक रैंकिंग:
  - जापान और सिंगापुर सूचकांक में शीर्ष पर हैं
  - जर्मनी और दक्षिण कोरिया नवीनतम रैंकिंग में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है जबकि फिनलैंड, इटली, लक्जमबर्ग और स्पेन तीसरे स्थान पर रहे है।
  - अफगानिस्तान और इराक 'सबसे खराब पासपोर्ट रखने' की श्रेणी में बने हुए हैं।
- भारत का प्रदर्शन:
  - वर्ष 2020 में भारत 84वें स्थान पर था, जबकि वर्ष 2016 में भारत माली और उज़्बेकिस्तान के साथ 85वें स्थान पर था।
  - इस वर्ष भारत (2022 में 83वाँ स्थान) रवांडा और युगांडा के बाद मध्य अफ्रीका में 'साओ टोम तथा प्रिंसिपे' के साथ अपना स्थान साझा कर रहा है।
  - इस प्रकार भारत के पास अब ओमान और आर्मेनिया के नवीनतम परिवर्द्धन के साथ दुनिया भर में 60 गंतव्यों के लिये वीज़ा-मुक्त पहुँच है। भारत ने वर्ष 2006 के बाद से इस सूची में 35 और गंतव्य स्थान जोड़े हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

54. उत्तर: A

व्याख्या:

मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (MTCR):

- यह मिसाइल और मानव रहित हवाई वाहन प्रौद्योगिकी के प्रसार को रोकने हेतु 35 देशों के मध्य एक अनौपचारिक और स्वैच्छिक साझेदारी है, जो 300 किमी से अधिक दूरी के लिये 500 किलोग्राम से अधिक पेलोड ले जाने में सक्षम है।

नोट :

- ◆ इस प्रकार सदस्यों को ऐसी मिसाइलों और यूएवी प्रणालियों की आपूर्ति करने से रोका जाता है जो गैर-सदस्यों के लिये MTCR द्वारा नियंत्रित होती हैं।
- इस प्रकार सदस्यों को ऐसी मिसाइलों और यूएवी प्रणालियों की आपूर्ति करने से रोका जाता है जो गैर-सदस्यों के लिये MTCR द्वारा नियंत्रित होती हैं।
- निर्णय सभी सदस्यों की सहमति से लिये जाते हैं।
- यह सदस्य देशों का एक गैर-संधि संघ है, जिसमें मिसाइल प्रणालियों के लिये सूचना साझा करने, राष्ट्रीय नियंत्रण कानूनों और निर्यात नीतियों तथा इन मिसाइल प्रणालियों की ऐसी महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण को सीमित करने हेतु एक नियम-आधारित विनियमन तंत्र के बारे में कुछ दिशा-निर्देश हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इसकी स्थापना अप्रैल 1987 में जी -7 देशों - अमेरिका, यूके, फ्रॉंस, जर्मनी, कनाडा, इटली और जापान द्वारा की गई थी। अत: कथन 1 सही है और कथन 3 सही नहीं है।

55. उत्तर: C

व्याख्या:

- द्वितीय विश्व युद्ध में जापान की हार के बाद 'याल्टा सम्मेलन' (1945) में मित्र देशों की सेना 'कोरिया पर फोर-पावर ट्रस्टीशिप' स्थापित करने हेतु सहमत हुई।
- 'साम्यवाद' (किसी देश के आर्थिक संसाधनों पर राज्य का स्वामित्व) के प्रसार के डर और सोवियत संघ व अमेरिका के बीच आपसी अविश्वास के कारण ट्रस्टीशिप योजना विफल हो गई।
  - ◆ इससे पहले कि कोई ठोस योजना तैयार की जा सके, सोवियत संघ ने कोरिया पर आक्रमण कर दिया।
  - ◆ इससे एक ऐसी स्थिति पैदा हो गई जहॉँ कोरिया का उत्तर क्षेत्र यूएसएसआर के अधीन तथा दक्षिण क्षेत्र ओर उसके बाकी सहयोगी, मुख्य रूप से अमेरिका के अधीन थे।
  - ◆ 38वें समानांतर रेखा द्वारा कोरियाई प्रायद्वीप को दो क्षेत्रों में विभाजित किया गया था। अत: विकल्प C सही है।

56. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2021 जारी की है।
  - ◆ यह भारत के वन और वृक्ष आवरण का आकलन है। इस रिपोर्ट को द्विवार्षिक रूप से 'भारतीय वन सर्वेक्षण' द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
  - ◆ वर्ष 1987 में पहला सर्वेक्षण प्रकाशित हुआ था वर्ष 2021 में भारत वन स्थिति रिपोर्ट (India State of Forest Report-ISFR) का यह 17वाँ प्रकाशन है।
- ISFR 2021 की विशेषताएँ:
  - ◆ इसने पहली बार टाइगर रिज़र्व, टाइगर कॉरिडोर और गिर के जंगल जिसमें एशियाई शेर रहते हैं, में वन आवरण का आकलन किया है। अत: कथन 1 सही है।
  - ◆ वर्ष 2011-2021 के मध्य बाघ गलियारों में वन क्षेत्र में 37.15 वर्ग किमी (0.32%) की वृद्धि हुई है, लेकिन बाघ अभयारण्यों में 22.6 वर्ग किमी (0.04%) की कमी आई है।
  - ◆ इन 10 वर्षों में 20 बाघ अभयारण्यों में वनावरण में वृद्धि हुई है, साथ ही 32 बाघ अभयारण्यों के वनावरण क्षेत्र में कमी आई।
  - ◆ बक्सा (पश्चिम बंगाल), अनामलाई (तमिलनाडु) और इंद्रावती रिज़र्व (छत्तीसगढ़) के वन क्षेत्र में वृद्धि देखी गई है जबकि कवल (तेलंगाना), भद्रा (कर्नाटक) और सुंदरबन रिज़र्व (पश्चिम बंगाल) में हुई है।
  - ◆ अरुणाचल प्रदेश के पक्के टाइगर रिज़र्व में सबसे अधिक लगभग 97% वन आवरण है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- रिपोर्ट के निष्कर्ष:
  - ◆ क्षेत्र में वृद्धि:
    - ■ पिछले दो वर्षों में 1,540 वर्ग किलोमीटर के अतिरिक्त कवर के साथ देश में वन और वृक्षों के आवरण में वृद्धि जारी है।

- भारत का वन क्षेत्र अब 7,13,789 वर्ग किलोमीटर है, यह देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71% है जो वर्ष 2019 में 21.67% से अधिक है।
- वनों में वृद्धि/कमी:
  - वनावरण में सबसे अधिक वृद्धि दर्शाने वाले राज्यों में तेलंगाना (3.07%), आंध्र प्रदेश (2.22%) और ओडिशा (1.04%) हैं।
  - वनावरण में सबसे अधिक कमी पूर्वोत्तर के पाँच राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम और नगालैंड में हुई है।
- उच्चतम वन क्षेत्र/आच्छादन वाले राज्य:
  - क्षेत्रफल की दृष्टि से: मध्य प्रदेश में देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र है, इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - कुल भौगोलिक क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में वन आवरण के मामले में शीर्ष पाँच राज्य मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर और नगालैंड हैं।

- शब्द 'वन क्षेत्र' '(Forest Area) सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार भूमि की कानूनी स्थिति को दर्शाता है, जबकि 'वन आवरण' (Forest Cover) शब्द किसी भी भूमि पर पेड़ों की उपस्थिति को दर्शाता है।
  - मैंग्रोव:
    - मैंग्रोव में 17 वर्ग किमी. की वृद्धि देखी गई है। भारत का कुल मैंग्रोव आवरण अब 4,992 वर्ग किमी. हो गया है।

57. उत्तर: D

व्याख्या:

- यह भारत की अग्रणी अंतरिक्ष अन्वेषण एजेंसी है, जिसका मुख्यालय बंगलूरू में है।
  - इसरो का गठन वर्ष 1969 में ग्रहों की खोज और अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान को आगे बढ़ाते हुए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के विकास और दोहन की दृष्टि से किया गया था।
  - इसरो ने अपने पूर्ववर्ती INCOSPAR (अंतरिक्ष अनुसंधान के लिये भारतीय राष्ट्रीय समिति) की जगह ली, जिसकी स्थापना वर्ष 1962 में भारत के पहले प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू और वैज्ञानिक विक्रम साराभाई को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के संस्थापकों में से एक माना जाता है।
- इसरो की उपलब्धियाँ:
  - पहला भारतीय उपग्रह आर्यभट्ट इसरो द्वारा बनाया गया था जो 19 अप्रैल 1975 को सोवियत संघ की मदद से लॉन्च किया गया था।
  - वर्ष 1980 ने रोहिणी के प्रक्षेपण को चिह्नित किया, जो कि पहला उपग्रह था जिसे एसएलवी -3 द्वारा सफलतापूर्वक कक्षा में भेजा गया, यह एक भारत निर्मित प्रक्षेपण यान था।
  - इसके बाद इसरो द्वारा दो अन्य रॉकेट विकसित किये गए: पीएसएलवी (पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) उपग्रहों को ध्रुवीय कक्षाओं में रखने के लिये और जीएसएलवी (जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) उपग्रहों को भूस्थिर कक्षाओं में रखने के लिये।
    - दोनों रॉकेटों ने भारत के साथ-साथ अन्य देशों के लिये कई पृथ्वी अवलोकन और संचार उपग्रहों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है।
  - आईआरएनएसएस और गगन जैसे स्वदेशी उपग्रह नेविगेशन सिस्टम भी तैनात किये गए हैं।
    - क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम को हिंद महासागर के पानी में जहाजों के नेविगेशन में सहायता के लिये सटीक स्थिति सूचना सेवा प्रदान करने हेतु डिज़ाइन किया गया है।
    - गगन (GAGAN) भारत का पहला उपग्रह आधारित ग्लोबल पोज़ीशनिंग सिस्टम (Global Positioning System) है जो इसरो के जीसैट उपग्रहों पर निर्भर करता है।
  - जनवरी 2014 में ISRO ने GSAT-14 उपग्रह के GSLV-D5 प्रक्षेपण के लिये स्वदेशी रूप से निर्मित क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग किया, जिससे यह क्रायोजेनिक तकनीक विकसित करने वाले दुनिया के केवल छह देशों में शामिल हो गया।
  - इसरो की कुछ उल्लेखनीय अंतरिक्ष खोजों में चंद्रयान-1 चंद्र ऑर्बिटर, मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान -1) और एस्ट्रोसैट अंतरिक्ष वेधशाला शामिल हैं।

- मार्स ऑर्बिटर मिशन की सफलता ने भारत को मंगल की कक्षा में पहुँचने वाला दुनिया का चौथा देश बना दिया।
- भारत ने 22 जुलाई 2019 को चंद्रयान-1 के बाद अपना दूसरा चंद्र अन्वेषण मिशन चंद्रयान-2 लॉन्च किया।

- 2021 में इसरो की प्रमुख उपलब्धियाँ:
  - अमेज़ोनिया -1
    - गगन की 53वीं उड़ान भारत की पहली उपग्रह-आधारित वैश्विक स्तर की प्रणाली है जो इसरो के जीसैट उपग्रहों पर निर्भर है। PSLV-C51 द्वारा इसरो की वाणिज्यिक शाखा, न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) का यह पहला समर्पित मिशन था
    - नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस रिसर्च (आईएनपीई) का ऑप्टिकल अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट अमेज़ोनिया-1, अमेज़ॅन क्षेत्र में वनों की कटाई की निगरानी और ब्राजील के क्षेत्र में विविध कृषि के विश्लेषण के लिये उपयोगकर्ताओं को रिमोट सेंसिंग डेटा प्रदान करेगा।
  - यूनिटीसैट (तीन उपग्रह):
    - इन्हें रेडियो रिले सेवाएँ प्रदान करने के लिये तैनात किया गया है। अत: विकल्प D सही है।

58. उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD) ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिये 'प्रौद्योगिकी हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक गठबंधन 3.0' (NEAT 3.0) की घोषणा की है।
  - NEAT योजना का मॉडल: यह सरकार और भारत की शिक्षा प्रौद्योगिकी (एड-टेक) कंपनियों के बीच एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर आधारित है। अत: कथन 1 सही है।
  - उद्देश्य: NEAT का उद्देश्य समाज के आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमज़ोर वर्गों की सुविधा के लिये शिक्षा अध्यापन में सर्वोत्तम तकनीकी समाधानों को एक मंच पर लाना है।
  - लक्षित क्षेत्र: इसके तहत अत्यधिक रोज़गार योग्य कौशल वाले विशिष्ट क्षेत्रों में सीखने या ई-सामग्री के लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने वाले प्रौद्योगिकी समाधानों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।
  - कार्य पद्धति: इसके तहत सरकार एडटेक कंपनियों द्वारा पेश किये जाने वाले पाठ्यक्रमों की एक श्रृंखला के लिये मुफ्त कूपन वितरित करने की योजना बना रही है। अत: कथन 2 सही है।
  - कार्यान्वयन एजेंसी: अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE)

59.उत्तर: D

व्याख्या:

कत्थक:

- कत्थक शब्द का उदभव कथा शब्द से हुआ है जिसका शाब्दिक अर्थ है कथा कहना। यह नृत्य मुख्य रूप से उत्तरी भारत में किया जाता है।
- यह मुख्य रूप से एक मंदिर या गाँव का प्रदर्शन था जिसमें नर्तक प्राचीन ग्रंथों की कहानियाँ सुनाते थे। और यह भारत के शास्त्रीय नृत्यों में से एक है। अत: कथन 1 सही है।
- पंद्रहवीं और सोलहवीं शताब्दी में भक्ति आंदोलन के प्रसार के साथ कत्थक नृत्य एक विशिष्ट विधा के रूप में विकसित हुआ। अत: कथन 2 सही है।
  - राधा-कृष्ण की किंवदंतियों को सर्वप्रथम 'रास लीला' नामक लोक नाटकों में प्रयोग किया गया था, जिसमें बाद में कत्थक कथाकारों के मूल इशारों के साथ लोक नृत्य को भी जोड़ा गया।
  - कत्थक को मुगल सम्राटों और उनके रईसों के अधीन दरबार में प्रदर्शित किया जाता था, जहाँ इसने अपनी वर्तमान विशेषताओं को प्राप्त कर लिया और एक विशिष्ट शैली के रूप में विकसित हुआ।
  - अवध के अंतिम नवाब वाजिद अली शाह के संरक्षण में यह एक प्रमुख कला रूप में विकसित हुआ।

60. उत्तर: C

व्याख्या

- नाटो की स्थापना 4 अप्रैल, 1949 की उत्तरी अटलांटिक संधि (जिसे वाशिंगटन संधि भी कहा जाता है) द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और कई पश्चिमी यूरोपीय देशों द्वारा सोवियत संघ के खिलाफ सामूहिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- नाटो सामूहिक रक्षा के सिद्धांत पर काम करता है, जिसका तात्पर्य 'एक या अधिक सदस्यों पर आक्रमण सभी सदस्य देशों पर आक्रमण माना जाता है। ज्ञातव्य है कि यह नाटो के अनुच्छेद 5 में निहित है। अत: कथन 2 सही है।
    - वर्ष 2019 तक इसके सदस्य देशों की संख्या 30 थी। वर्ष 2017 में मोंटेनेग्रो इस गठबंधन में शामिल होने वाला नवीनतम सदस्य देश बन गया है।

61. उत्तर: A

व्याख्या:

पैंगोंग त्सो झील:

- पैंगोंग झील केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में स्थित है।
- यह लगभग 4,350 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, जो विश्व की सबसे ऊँचाई पर स्थित खारे पानी की झील है। अत: कथन 1 सही है।
- लगभग 160 किमी. क्षेत्र में फैली पैंगोंग झील का एक-तिहाई हिस्सा भारत में है और दो-तिहाई हिस्सा चीन में है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

62. उत्तर: B

व्याख्या:

- गलवान घाटी सामान्यत: उस भूमि को संदर्भित करती है, जो गलवान नदी (Galwan River) के पास मौजूद पहाड़ियों के बीच स्थित है।
    - गलवान नदी का स्रोत चीन की ओर अक्साई चिन में मौजूद है और आगे चलकर यह भारत की श्योक नदी (Shyok River) में मिलती है।
    - ध्यातव्य है कि यह घाटी पश्चिम में लद्दाख और पूर्व में अक्साई चिन के बीच स्थित है, जिसके कारण यह रणनीतिक रूप से काफी महत्त्वपूर्ण है। अत: कथन 1 सही है।
- काराकोरम श्रेणी को कृष्णगिरि के नाम से भी जाना जाता है जो ट्रांस-हिमालय पर्वतमाला की सबसे उत्तरी श्रेणी में स्थित है। यह अफगानिस्तान और चीन के साथ भारत की सीमा बनाती है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
    - यह पामीर से पूर्व की ओर लगभग 800 किमी. तक फैली हुई है। यह ऊँची चोटियों [5,500 मीटर और उससे अधिक ऊँचाई] के साथ एक सीमा है।
    - कुछ चोटियाँ समुद्र तल से 8,000 मीटर से अधिक ऊँची हैं। इस श्रेणी में पृथ्वी की कई शीर्ष चोटियाँ स्थित हैं जैसे- K2, जिसकी ऊँचाई 8,611 मीटर है तथा जो विश्व की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है।
- लद्दाख पठार काराकोरम श्रेणी के उत्तर-पूर्व में स्थित है। अत: कथन 2 सही है।

63. उत्तर: C

व्याख्या:

- 5G, 5वीं पीढ़ी का मोबाइल नेटवर्क है। यह 1G, 2G, 3G और 4G नेटवर्क के बाद एक नया वैश्विक वायरलेस मानक है।
    - 5G नेटवर्क एमएम वेव स्पेक्ट्रम में काम करेगा। अत: कथन 1 सही है।
- एमएम-वेव स्पेक्ट्रम रेडियो फ्रीक्वेंसी स्पेक्ट्रम का एक विशेष खंड है जो 24 गीगाहर्ट्ज़ और 100 गीगाहर्ट्ज़ के बीच होता है।
    - जैसा कि नाम से पता चलता है इस स्पेक्ट्रम में एक छोटी तरंग दैर्ध्य है और यह अधिक गति एवं कम विलंबता प्रदान करने के लिये उपयुक्त है। यह बदले में डेटा ट्रांसफर को कुशल और निर्बाध बनाता है क्योंकि वर्तमान उपलब्ध नेटवर्क केवल कम आवृत्ति बैंडविथ पर ही बेहतर तरीके से कार्य करते हैं।

- 23.6-24 गीगाहर्ट्ज़ पर मौसम उपग्रहों के लिये उपयोग किये जाने वाले निष्क्रिय उपग्रह बैंड में आउट ऑफ बैंड उत्सर्जन के कारण एमएम-वेव विवाद का विषय रहा था।
  - आउट ऑफ बैंड उत्सर्जन आवश्यक बैंडविड्थ के ठीक बाहर आवृत्ति या आवृत्तियों पर उत्सर्जन है जो मॉड्यूलेशन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप होता है।
  - सूचना के संगत संचरण को प्रभावित किये बिना 'आउट ऑफ बैंड' उत्सर्जन के स्तर को कम नहीं किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।

64. उत्तर: A

व्याख्या:

- नारी शक्ति पुरस्कार को वर्ष 1999 में शुरू किया गया। यह भारत में महिलाओं के सम्मान में सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। अत: कथन 1 सही है।
  - प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं।
- नारी शक्ति पुरस्कार में 2 लाख रुपए की नकद पुरस्कार राशि और व्यक्तियों एवं संस्थानों को एक प्रमाण पत्र दिया जाता है।
- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय व्यक्तियों/समूहों/गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ)/संस्थानों आदि के लिये इन राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों की घोषणा करता है। निम्नलिखित को पुरस्कार का वितरण किया जाता है:
  - महिलाओं को निर्णय लेने की भूमिकाओं में भाग लेने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु।
  - पारंपरिक और गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में महिलाओं के कौशल विकास हेतु।
  - ग्रामीण महिलाओं को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिये।
  - विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल, कला, संस्कृति जैसे गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में महिलाओं को स्थायी रूप से बढ़ावा देने के लिये।
  - सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, शिक्षा, जीवन कौशल, महिलाओं के सम्मान और सम्मान आदि की दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य के लिये।
- पात्रता:
  - दिशा निर्देशों के अनुसार, कम-से-कम 25 वर्ष की आयु का कोई भी व्यक्ति और संबंधित क्षेत्र में कम-से-कम 5 वर्षों तक कार्य करने वाले संस्थान आवेदन करने के पात्र हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

65. उत्तर: D

व्याख्या:

उल्का, उल्कापिंड और क्षुद्रग्रह के बीच अंतर:

- उल्का (meteor), उल्कापिंड (meteorite) और क्षुद्रग्रह (Meteoroid) के बीच का अंतर और कुछ नहीं बल्कि वस्तुएँ है।
- क्षुद्रग्रह (meteoroid) अंतरिक्ष में ऐसे पिंड हैं जिनका आकार धूल के कणों से लेकर छोटे क्षुद्रग्रहों तक होता है। जैसे कि अंतरिक्ष चट्टान।
- जब क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते हैं तो उन्हें उल्का (meteors) कहा जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- लेकिन अगर कोई क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश कर ज़मीन से टकराता है तो उसे उल्कापिंड (meteorite) कहते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

नोट :